हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

HI TEK
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
inspiring better health

## हाइटेक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

एक छत के नीचे सभी सुपर स्पेशलिटी

NABH Accredited



इलाज करवाना फिर हो गया आसान

आयुष्मान भारत

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रारंभ




**हृदय रोग (कार्डियोलॉजी)**
- इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट – डॉ असलम खान
- कार्डियो वैस्कुलर सर्जन – डॉ रंजन सेनगुप्ता

**स्नायुरोग (न्यूरोलॉजी)**
- फिजिशियन – डॉ नचिकेत दीक्षित
- सर्जन – डॉ दीपक बंसल

**कैंसर विभाग (ऑकोलॉजी)**
- कैंसर विशेषज्ञ – डॉ अनंत एम. केकरे
- कैंसर सर्जन – डॉ नविल शर्मा

**मूत्र/किडनी रोग (यूरोलॉजी-नेफ्रोलॉजी)**
- यूरोसर्जन – डॉ नवीन कुमार वैष्णव
- डायलिसिस – डॉ सुमन राव

**स्त्री रोग (गायनेकोलॉजी)**
- स्त्री रोग एवं आईवीएफ– डॉ रेखा रत्नानी
- स्त्री रोग एवं आईवीएफ– डॉ अंजना चौधरी

**अस्थिरोग (ऑर्थोपेडिक्स)**
- सर्जन – डॉ राहुल ठाकुर
- सर्जन – डॉ दीपक कुमार सिन्हा

**दंत रोग एवं चेहरे की सर्जरी**
- मैक्सिलोफेशियल सर्जन - डॉ आफरीन आफताब
- डेन्टल सर्जन- डॉ वैष्णवी शर्मा

**कान-नाक-गला (ईएनटी)**
- डॉ अपूर्व वर्मा

**जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी**
- डॉ नवील शर्मा

**पेट एवं यकृत (गैस्ट्रो एवं हेपाटोलॉजी)**
- डॉ आशीष देवांगन

**शिशुरोग (पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट)**
- डॉ रुचि ठाकुर

**श्वास एवं छाती रोग विशेषज्ञ**
- डॉ स्मरण क्लॉडियस

**रेडियोलॉजिस्ट**
- डॉ जेनी व्यास

**पैथोलॉजिस्ट**
- डॉ रजनी प्रजापति

**त्वचा एवं सौन्दर्य (डर्मा एवं कॉस्मेटोलॉजी)**
- डॉ रिद्धि अरोरा सिंह

**फिजियोथेरेपी**
- डॉ मोना पॉल • डॉ अर्चना लछवानी
- डॉ विष्णुप्रिया

**निश्चेतना विशेषज्ञ**
- डॉ नरेश देशमुख

**इंटेंसिव केयर**
- डॉ. अनिल सिन्हा

**माइक्रोबायोलॉजिस्ट**
- डॉ. मानसी गुप्ता

**डाइटीशियन**
- डॉ. झलक परमार

ESIC, Aayushman, CGHS, CORPORATE सहित सभी प्रमुख TPA के साथ अनुबंधित

जुनवानी रोड, भिलाई, सूर्या टीआई मॉल के पास

0788-405 6666 • 73891-92333

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
https://hitekhospitals.com for
ONLINE BOOKING

## खबर संक्षेप

### भिलाई नगर निगम में सड़क निर्माण के दौरान अनियमितता का आरोप

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में हो रहे सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार, घटिया गुणवत्ता और करोड़ों रुपये के कथित भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल बीजेएमटीयूसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा डॉ. जयप्रकाश यादव ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार समयसीमा का पालन नहीं कर रहे, निर्माण में मिलावटी सामग्री का उपयोग हो रहा है और बड़े पैमाने पर फर्जी बिलिंग तथा कमीशनखोरी की जा रही है। डॉ. यादव ने कहा बारिश के दौरान सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन जाते हैं। इससे भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने 12 करोड़ 66 लाख रुपये के पेवर ब्लॉक कार्यों में फर्जी भुगतान के आरोपों का उल्लेख किया। साथ ही रिसाली जोन के वार्ड 39 में बनी सड़क के कथित घटिया गुणवत्ता के कारण उखाड़े जाने की घटना से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### फल व बिस्किट वितरण कर मनाया जनशताब्दी वर्ष

**भिलाई।** भाजपा जिला भिलाई के महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जनशताब्दी फल व बिस्केट वितरण कर मनाई गई। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा भिलाई और भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल भर्ती मरीज से कुशलक्षेम पूछा गया व फल वितरण किया तथा छोटे बच्चों के लिये बिस्केट के पैकेट दिए गए। इस दौरान स्वीटी कौशिक, सरला आचार्य, गीता विश्वकर्मा, प्रमिला दुबे, सरोज सिंह, अनुपमा शुक्ला, रबिता सिंह, संबुजा देवी, सुगंधी सोनी, विजय सिंह, संध्या ठाकुर, परमजीत कौर, रश्मि साव, विजय शुक्ला, गुरनाम सिंह आदि उपस्थित थे।

### ओड़ारसकरी में मंडई महोत्सव आज

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी में परंपरागत मंडई महोत्सव का आयोजन 27 दिसंबर को किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण रहेगा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में तुलसी माला नाच पार्टी, कचांदुर (गुंडरदेही) द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत 28 दिसंबर को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसपास के गांवों की टीमें भाग लेंगी। इस संबंध में ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी के सरपंच अनिल सोनी ने बताया कि मंडई ग्राम की पुरानी परंपरा है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

### उरला दो दिवसीय मानस प्रतियोगिता आज से

**कुम्हारी।** दो दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 27 एवं 28 दिसंबर को संस्कृति मंच स्कूल प्रांगण उरला में किया जा रहा है। जिसमे अंचल की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रथम दिवस शनिवार को 6 मंडली एवं रविवार को 6 मानस गान मंडली शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी मंडली प्रभु श्री राम के चरित्र का गुणगान करेंगे। उक्त जानकारी सरस्वती मानस मंडली के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एवं शारदा महिला मानस मंडली के अध्यक्ष चित्ररेखा मानिकपुरी ने दी।

### स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया ग्रामीणों ने

**जामगांव आर।** एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत भवन अकतई में स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी-शुगर एवं अन्य जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई। शिविर में लगभग 49 लोगों ने जांच कराई। आयुष विज्ञान स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नेम वर्मा, सहयोगी पंकज एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रामीण नागरिक सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद, दीपा मारकंडे, मनोज ठाकुर, बुधियारीन ठाकुर मौजूद थे।

# आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मुफ्त में मिली रसोई गैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत शुक्रवार को चार हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर वितरित किया गया। जैसे ही महिलाओं को सिलेंडर मिला, उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। यह खुशी सिर्फ सुविधा मिलने की नहीं थी, बल्कि वर्षों से चली आ रही परेशानियों से राहत पाने की थी। छोटे से कच्चे मकान में जीवन गुजार रहीं राजेश्वरी साहू, मीना यादव, परमेश्वरी वर्मा और पावर्ती के लिए यह दिन किसी सपने के पूरे होने जैसा था। चूल्हे पर खाना बनाते समय धुएं, आंखों में जलन और सांस की तकलीफ से जूझना उनकी रोजमर्रा की मजबूरी थी। उज्ज्वला योजना के तहत स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध होने से अब उनके घरों में धुएं से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों में कमी आई है।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 का दुर्ग जिले में आगाज, जरुरमतंदों को होगा फायदा

### आर्थिक रूप से कमजोरों को मुफ्त में मिलेगा एलपीजी का कनेक्शन

मेड़ेसरा निवासी राजेश्वरी साहू ने बताया कि निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती खाना पकाने का ईंधन मिला है, जिससे उन्हें काफी सुविधा हो रही है। आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पासपोर्ट आकार का फोटो, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं बैंक खाते का विवरण जमा किया गया। गरीब परिवारों की महिलाओं को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिससे उन पर किसी तरह का आर्थिक बोझ नहीं पड़ा। कनेक्शन मिलने से न केवल घरों में धुएं से होने वाला प्रदूषण कम हुआ है, बल्कि घरेलू श्रम और समय की भी बचत हो रही है।



### प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति, आंखें नहीं होंगी खराब

रवेली निवासी परमेश्वरी वर्मा ने बताया कि पहले चूल्हे के धुएं से घर के छोटे-छोटे बच्चों को भी परेशानी होती थी। अब गैस सिलेंडर मिलने से बच्चों को धुएं से राहत मिलेगी और खाना बनाने में समय भी बचेगा। छोटा-मोटा काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाली मीना यादव ने बताया कि उन्हें इस योजना का लंबे समय से इंतजार था। पहले भी उन्होंने आवेदन किया था, लेकिन तब लाभ नहीं मिल पाया। अब वर्षों के इंतजार के बाद गैस कनेक्शन मिलने से उनके घर में खुशी का माहौल है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ग्रामीण और गरीब परिवारों की महिलाओं के जीवन में बदलाव ला रही है। यह योजना न सिर्फ स्वच्छ रसोई का सपना साकार कर रही है, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## पीने को पानी नसीब नहीं और हो रही बसों की धुलाई

# घरों में शौचालय है लेकिन पानी नहीं सफाई व्यवस्था लचर, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम भिलाई के जोन 4 के वार्ड 38 में आज भी लोग पानी, सफाई और पट्टा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कहीं शौचालय में पानी नहीं, तो कहीं पानी के बावजूद शौचालय नहीं है। कई इलाकों में गंदगी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है।

नगर निगम के जोन 4 अंतर्गत वार्ड 38 में लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार कर रहे हैं। कहीं घरों में शौचालय तो बन गए, लेकिन पानी नहीं है। और जहां पानी मिलता है, वहां शौचालय नहीं। नतीजा यह कि कई परिवार आज भी रेलवे पटरी के किनारे शौच के लिए मजबूर हैं। सोनिया गांधी नगर, पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट, शहीद वीर नारायण सिंह नगर, बैरागी मोहल्ला और सूर्यानगर जैसे बड़े हिस्सों में लोग पानी, सफाई और जमीन के पट्टे के लिए सालों से भटक रहे हैं। यहां एक ओर गरीब परिवारों को अब तक पट्टा नहीं मिला, तो दूसरी ओर पैसे वाले लोगों को पट्टा जारी कर दिया गया। सूर्यानगर और बैरागी मोहल्ला इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इधर शहीद वीर नारायण सिंह इलाके के घरों में शौचालय तो बन गए, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं है। लोग कहते हैं कि पीने का पानी तो सही से मिल नहीं रहा, लेकिन इसी पानी से बस स्टैंड में बसों की धुलाई हो रही है। वार्ड के कई हिस्सों में नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। नालियों को देखकर साफ समझ आता है कि कई दिनों से सफाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें कई बार की गई है।



## मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा सोनिया गांधी वार्ड





### नहीं पहुंचा पानी



वार्ड 38 के शहीद वीर नारायण सिंह नगर में घरों में शौचालय तो बना दिए गए, लेकिन पानी अब तक नहीं पहुंचा। इलाके की निवासी कृष्णा बाई चौधरी ने बताया कि आशीष होटल के पीछे रहने वाले परिवार कई सालों से पानी की समस्या झेल रहे हैं। घर-घर शौचालय निर्माण कराया गया, लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि लोग आज भी शौच के लिए रेलवे पटरी के पास जाने को मजबूर हैं।

### दुकानों की रजिस्ट्री अटकी, बरामदा में कब्जा, टैक्स फिर भी बराबर



सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने बताया कि पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट के करीब 60 फीसदी दुकानों की रजिस्ट्री अब तक पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि मार्केट के फ्रंट हिस्से में दुकानों के लिए करीब 10 फीट का बरामदा दिया गया था। आरोप यह है कि कुछ दुकानदारों ने नगर निगम अधिकारियों की मिलीभगत से इसी बरामदे पर पक्का निर्माण कर लिया। दूसरी ओर पीछे की दुकानों के पास यह बरामदा नहीं है, फिर भी दोनों तरफ के दुकानदारों से नगर निगम द्वारा टैक्स बराबर लिया जा रहा है। सुमन शील ने यह भी आरोप लगाया कि कई लीज दुकानों की खरीद फरोख्त नगर निगम की अनुमति के बिना की जा रही है। इस पूरे मामले की शिकायत जिला प्रशासन और नगर निगम में की गई है।

### नल से बसों की धुलाई



पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट में निवासी सुभाष पारडे ने बताया कि यहां लंबे समय से लोग पानी के लिए परेशान हैं। आसपास के इलाकों में नलों के माध्यम से नियमित सप्लाई होती है, लेकिन इस मार्केट क्षेत्र में लोगों को अब भी पानी की सुविधा नसीब नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां बने सार्वजनिक शौचालय से पानी की सप्लाई तो की जाती है, लेकिन वह भी जरूरतमंद लोगों के काम नहीं आ रहा। वही पानी बसों की धुलाई और सफाई में इस्तेमाल किया जा रहा है। बस स्टैंड बनाया गया, लेकिन व्यवहार में यह सिर्फ बस डिपो बनकर रह गया है। यहां दूसरे राज्यों की बसें खड़ी रहती हैं, और मार्केट के एकमात्र नल से ही बसों की धुलाई की जाती है।

### नरकीय जीवन जीने को मजबूर लोग



बैरागी मोहल्ला निवासी विजय बाग, प्रकाश दीप, कृतिका बाग, सरस्वती यादव और अन्य लोगों ने बताया कि गरीब तबके के परिवारों को अब तक पट्टा नहीं मिला, जबकि सक्षम लोगों को पहले ही पट्टा जारी कर दिया गया। चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों ने पट्टा दिलाने का आश्वासन दिया था। यहां एक सार्वजनिक शौचालय है, जो महिलाओं के लिए आरक्षित है। पुरुषों के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं है।

#### नहीं मिला है पट्टा

बीएसपी की जमीन है इसलिए कुछ लोगों को पट्टा नहीं मिला है। कुछ इलाकों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इसका मुद्दा एमआईसी की बैठक में उठाया गया है। जहां भी साफ सफाई का अभाव है उसे पूरा किया जाएगा। **-पियुष मिश्रा,** पार्षद वार्ड 38, सोनिया गांधी नगर

## स्मृति प्रदर्शनी में अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों से रूबरू हुए कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को किया याद

अटल स्मृति प्रदर्शनी का शुभारंभ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती शताब्दी वर्ष के अवसर पर किया गया है। प्रदर्शनी सात दिनों तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले भर से पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिक शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के अजातशत्रु थे और उनका संपूर्ण जीवन आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राजनीति करने की प्रेरणा देता रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अटल जी के आदर्शों को प्रेरणा बनाकर संगठन और राष्ट्र सेवा को मजबूत करने का संकल्प ले। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सत्ता के अहंकार को कभी स्थान नहीं दिया और हमेशा विनम्रता व जनसेवा को प्राथमिकता दी।

विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल महान नेता ही नहीं, बल्कि उनकी कविताएं भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर अशोक राठी, मनोज सोनी, मंत्री गायत्री वर्मा, सह कोषाध्यक्ष ध्रुव सचदेवा, कार्यालय मंत्री आसिफ अली, महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, सोशल मीडिया प्रमुख रजनीश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### भगवान का कीर्तन ही जीव के कल्याण का माध्यम है : तोरण शर्मा

**निकुम।** श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम प्रांगण में भक्ति की धारा बह रही है। राधा रमण महिला मंडली ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में 51 महिलाओं ने बीते तीन वर्ष से बचत के माध्यम से यह आयोजन किया। कथा वाचक पंडित तोरण शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्य से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कलियुग में भगवान का कीर्तन ही जीव के कल्याण का माध्यम है। कथनी और करनी में भेद नहीं करने वाले व्यक्ति की अपनी अलग पहचान और साख होती है। राधा रमण महिला मंडली अध्यक्ष लुमेश्वरी बेलचंदन,तारकेश्वरी पांडे , कुसुमलता बेलचंदन, सुनीता बेलचंदन और लोकेशवरी साहू सहित सभी 51 महिलाओं सहित पूरे निकुम के ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।

### बाजपेयी को याद किया भाजपा मंडल ने



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह अटल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दीपक चतुर्वेदी ने किया। स्व. वाजपेयी की जीवनी पर मीना वर्मा अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी ने प्रकाश डाला। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, रामाधार शर्मा, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद हरिदास वैष्णव , पी एन दुबे ,सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद एवं कार्यक्रम के संयोजक गोल्डी गोस्वामी ने सारगर्भित तरीके से अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का समापन और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने किया।

### संतान को संस्कारित शिक्षा दिलाएं : अश्वनी नागले

**जामगांव आर।** पंच परिवर्तन एवं संप्तशक्ति संगम को जनव्यापी बनाने के लिए शनिवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। अतिथि राष्ट्र सेविका समिति प्रांत व्यवस्था प्रमुख अश्वनी नागले, जामगांव आर शासकीय कालेज प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल एवं राष्ट्र सेविका समिति जिला कार्यवाहिका राखी विश्वास थे। समारोह में आरएसएस के अतुल नागले और विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। मातृ सम्मेलन में श्रीजल चांदनी, ख्याति मोनिका, क्षमा जानवी, पूर्वी तृषा,नूतन चारुशिखा और लोकाम्या पूर्वीसिंह ने प्रेरक प्रस्तुति दिए दी। अतिथियों ने समवेत स्वर में कहा कि संस्कारित शिक्षा के माध्यम से पंच परिवर्तन और सप्तशक्ति संगम का उपहार संतान को देने माताएं महती भूमिका निभाए।

## रामानुजन के जन्मदिन पर बताया, गणित का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव (आर) में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की थीम "मैथमेटिक्स, आर्ट एंड क्रिएटिविटी" रखी गई थी। मुख्य अतिथि मोहनलाल जैन शासकीय महाविद्यालय खुर्सीपार के गणित विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार साहू थे। प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में गणित के महत्व तथा श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार साहू ने रामानुजन के जीवन के विभिन्न पहलुओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किए। बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर के छात्र कुणाल यदु ने फिबोनाची संख्या तथा गोल्डन रेशियो को दैनिक जीवन से जोड़कर समझाया। मुकेश कुमार ने गणित के प्रति छात्रों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। इसी क्रम में कल्याण कुमार ने चर (वेरिएबल) के प्रयोग से गणितीय प्रश्नों को सरलता से हल करने की तकनीक पर अपनी प्रस्तुति दी।

अंत में अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक रजनीशकांत तिवारी ने मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार साहू को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने प्राचार्य, मुख्य अतिथि, अन्य प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं तथा कार्यालय स्टाफ का कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। अंत में प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।



## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन, रोजगार से जोड़ने किया प्रेरित

# ग्राम सभा में दी गई जी राम जी योजना की जानकारी

**भिलाई ।** राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं आयुक्त मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा शुक्रवार दुर्ग जिले के 300 ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्रामसभा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी वीबी-जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी दी। बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मनरेगा को उन्नत कर वीबी-जी राम जी योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि मनरेगा में पूर्व में 100 दिवस का रोजगार दिया जाता था। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने ग्रामसभा में बताया कि हितग्राहियों को 25 दिवस का अतिरिक्त मनरेगा अंतर्गत अधिकांश कार्य पूरे किए रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि जहां जा चुके हैं। शासन के संकल्प के अनुरूप पहले मनरेगा के कार्य मानवीय संसाधनों वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र के आधार पर किए जाते थे, वहीं अब वीची जी राम जी योजना के तहत गांवों का विकास सैटेलाइट तकनीक के माध्यम से सुनियोजित एवं व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा।

■ ई-केवाईसी, भूमि एवं आधार सीडिंग पूर्ण करने

### जल संरक्षण को लेकर लोगों को किया जागरूक

योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन से संबंधित पेयजल आपूर्ति की मरम्मत एवं देखरेख, जल संरक्षण कार्य, स्कूलों की व्यवस्था में सुधार, मंगल भवन निर्माण, आजीविका से जुड़े कार्य, लखपति दीदियों के लिए आवास, खेती-किसानी से संबंधित कार्य, डबरी निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। आजीविका सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। अधिनियम के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना का हिस्सा होंगे। इनमें जल सुरक्षा, मूलभूत ढांचा, आजीविका आधारित अवसंरचनाएं तथा जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसमी घटनाओं से बचाव से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।




### पंचायत होंगे विकसित, बनाई गई कार्ययोजना

ग्राम सभा में तकनीक आधारित कार्ययोजना बनाई गई जी-राम-जी के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित पंचायत की रूपरेखा के अनुसार योजनाएं तैयार की जाएंगी, जिन्हें पीएम गतिशक्ति एवं राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों से जोड़ा जाएगा। पंचायतों की भौगोलिक स्थिति, नगरीकरण की दिशा एवं स्थानीय विकास आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। बुवाई एवं कटाई के व्यस्त समय में कृषि श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में 60 दिनों की अवधि अधिसूचित करने की छूट दी गई है, जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त श्रम उपलब्ध हो सके।

### बेरोजगारी भत्ता मांगने वालों को जोड़ा जाएगा रोजगार से

कार्य न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता यदि किसी ग्रामीण परिवार को मांग के बाद निर्धारित समय-सीमा में कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा, जिससे श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि पंचायती राज व्यवस्था होगी और सशक्त जी-राम-जी अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत प्राथमिक कार्यान्वयन इकाई होगी। पंजीकरण, रोजगार कार्ड जारी करना तथा कम से कम 50% कार्यों का निष्पादन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ
शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 10 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | सेलूद | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 स्मृति प्रदर्शनी में अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों से रूबरू हुए कार्यकर्ता





14 हल्बा समाज का शक्तिपर्व महोत्सव शुरू आज शोभायात्रा में शामिल होंगे सीएम









## खबर संक्षेप

### छात्र ने लगाई फांसी

**भिलाई।** नाबालिग छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि एलआईजी 164 हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी जुनवानी निवासी मयंक देशमुख 17 साल शुक्रवार शाम 4.30 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खबर लगने पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया है। मृतक कक्षा 12 वीं के लिए ओपन परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिता, भाई सब यहां रहते है और मां गांव में रहती है।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**दुर्ग।** रबी फसल को प्रतिकूल मौसम यथा सूखा, बाढ़, ओला वृष्टि, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, असमय वर्षा आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से जिले के कृषकों को राहत दिलाने हेतु पीएम फसल बीमा योजना हेतु रबी वर्ष 2025-26 हेतु अधिसूचना छ.ग. शासन कृषि विभाग द्वारा जारी की गई है। कृषि विभाग द्वारा मैदानी अमलों के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत लाभान्वित करने के लिए 31 दिसंबर तक पंजीयन का मौका दिया है।

राहत भरी खबर : सालों बाद प्रमोशन मिलने से खुश हैं शिक्षक

# पदोन्नति मिली तो दूर स्कूलों में भी जाने के लिए तैयार हो गए सहायक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पदोन्नत सहायक शिक्षक एलबी को काउंसलिंग के पहले जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा की प्रेरणा रंग लाई। जिले के 30 सहायक शिक्षक एलबी को प्रमोशन मिला है लेकिन नजदीक स्कूलों में पद खाली नहीं है। इसलिए ज्यादातर शिक्षक पदोन्नति लेने से इनकार कर देते हैं। हालात को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा काउसलिंग के एक घंटे पहले काउंसिलिंग हाल में जा पहुंचे। यहां मौजूद सहायक शिक्षक एलबी से रूबरू चर्चा की। इस दौरान डीईओ मिश्रा ने उन्हें प्रेरणास्पद संबोधन दिया। फलस्वरूप 30 में से 27 शिक्षक पदोन्नत जगहों पर जाने की सहमति दे दी। 2 शिक्षक काउंसलिंग में अनुपस्थित और एक शिक्षक ने असहमति दी।

## डीईओ ने किया प्रेरित तो 27 सहायक शिक्षकों ने पदोन्नति लेने दी सहमति



### पदोन्नति कॅरियर की सीढ़ी : डीईओ

डीईओ अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि पदोन्नति अपने सर्विस काल के कैरियर को आगे बढ़ाने की सीढ़ी है। उन्होने हाल ही में प्रमोशन लेकर दीगर जिलों में ज्वाइनिंग करने वाले व्याख्याताओं का व स्वयं का उदाहरण पेश किया। डीईओ ने कहा कि सर्विस काल में वेतन बढ़ना ही मायने नहीं रखता पद बड़ा होना भी महत्वपूर्ण है। आने वाले सालों में सहायक शिक्षक एलबी को सीधे व्याख्याता पद पर पदोन्नति का रास्ता खुलने की नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला। दूरी को लेकर पदोन्नति छोड़ना अपने सर्विस में एक बड़ी भूल साबित होती है जब हम अपने जूनियर को अपने से बड़े पद पर बैठा देखते हैं।

### अब यह मिलेगा वेतनमान

दुर्ग जिले में सहायक शिक्षक एलबी अब प्रधानपाठक प्राथमिक के पद संभालेंगे। पदोन्नति मिलने के बाद उनका लेवल भी बल गया है। विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर सहायक शिक्षक एलबी ई संवर्ग को प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4200 ;लेवल 8 में पदोन्नति मिली। इस पद पर वरिष्ठता 1 जुलाई 2018 सहायक शिक्षक पंचायत /नगरनिगम के पद पर वरिष्ठता 4 जुलाई 2008 ;जन्मतिथि 11-12-1976 तक की वरष्ठिता वाले को पदोन्नति दी गई है।

### इन शिक्षकों को मिला प्रमोशन

उपेश कामड़े प्रो शासकीय प्राथमिक शाला काशीडीह खोपली, कल्याणी निषाद प्रा शाला बिरेझर, विजयलक्ष्मी बघेल प्राथमिक शाला खाड़ा, सरिता जायसवाल प्रा शाला बाड़ीपारा पीसेगांव, करूणा वर्मा प्रा शाला संतोषीपारा भिलाई, स्वाती सेन प्रा शाला भोथली, इंदु सिंह शाला हनोदा,सतवंतीन बागरे प्रा शाला करसा, प्राथमिक शाला डिड़गा निर्मला चन्दनिहा, प्राथमिक शाला झोला डोमन लाल देवांगन, प्रा शाला सेमरिया ललिता शर्मा, तोभा देवांगन मोहलई, प्रधुमन कुमार दिवाकर डूमर, टिकेश्वरी गजेन्द्र सोनेसरार, भूषण लाल साहू बालक मेडेसरा, मधु तिवारी प्रा शाला अकोला, मंगला मेश्राम प्रा शाला खजरी,रीना राजपूत प्रा शाला मोहलई,श्री रामकृष्ण प्रा शाला नंदनी खुंदनी, हिंगेश्वर प्रसाद ठाकुर प्रा शाला अकतई, शकुंतला कुजूर प्रा शाला गिरहोला, पारस कुमार साहू प्रा शाला राजपुर, भूपेन्द्र कुमार बन्छोर प्रा शाला अकोला, संतोष कुमार मनहर प्रा शाला सेमरिया, रश्मिलता ठाकुर प्रा शाला नवागांव ;बुद्धि ए लक्ष्मी नायडू प्रा शाला कृष्णानगर भिलाई,हंसकुमारी साडू प्रा शाला टेमरी,रेख लाल ठाकुर प्रा शाला अरसी,कुलेश्वरदास साहू प्राण शाला परसकोल, श्याम सुंदर बंजारे प्रा शाला खपरी कु।

# सड़क पार कर रही महिला की ट्रक की चपेट में आने से मौत

## पुलगांव क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



सड़क पार कर रही महिला की हादसे में मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह की है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि पुलगांव चौक पर सुबह 7 बजे कोलिहापुरी निवासी उतरा नामक महिला सड़क पार कर रही थी।

इस दौरान राजनांदगांव की ओर से आ रहे ट्रक बालोद की दिशा में मुड़ रहा था। तभी उतरा चपेट में आई थी। उतरा केपीएस की कर्मी है। घटना की सुबह भी उत्तरा रोज की तरह सुबह अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद चौक पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक बाधित भी हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला का शव बुरी तरह क्षत-विक्षित हो गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

जिसकी तलाश में सीसी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस से फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है। पुलगांव चौक पर हुई पहली घटना नहीं है। यह चौक पहले भी कई सड़क हादसों के गवाह भी है। यहां भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही और ट्रैफिक नियंत्रण की कमी को लेकर सुरक्षा संबंधी सवाल फिर से उठने लगे हैं। उत्तरा की मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु कर दी है। आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

### बेलगाम ट्रैफिक व्यवस्था से पब्लिक परेशान

जिले में वर्ष 2025 में मौत का आंकडा पिछले तीन वर्षो में काफी कम है। लेकिन हादसों का जिले में रिकोर्ड बनते जा रहा है।ट्रैफिक पुलिस की लापरवारही के कारण ही पुलगांव चौक के पास हादसा हुआ। इसके अलावा पहले भी यहां हादसा होता रहा है।लेकिन ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था चरमरा गई है। जिसे सुधारने की जरुरत है।

# नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने छेड़ा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। वर्ष 2025 में जनवरी से 25 दिसम्बर तक नशे में वाहन चलाने वाले1309 वाहन चालको का वाहन जप्त कर न्यायालय पेश किया गया।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालक को 10 हजार रुपये शराब सेवन एवं अन्य धाराओं में अर्थदण्ड से दंडित कर 1 करोड़ 33 लाख 89 हजार 800 रुपये के अर्थदण्ड दंडित किया। ऐसे वाहन चालको के लायसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भेजा जा रहा है। ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर रात के समय सडक हादसों के प्रमुख कारणों में से एक कारण वाहन चालक का नशे में चलाना पाया।

ऐसी सडक हादसों पर अकुंश लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग




द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिदिन देर रात्रि तक प्रमुख अलग अलग मार्ग एवं ग्रेब्लेक स्पॉट स्थल पर चेकिंग की जाती है। इसके अलावा ब्रीथएनेलाईजर मशीन का भी उपयोग किया जा रहा है। विगत 11 माह में 25 दिन में जिले में विशेष पाइंट लगाकर नशे में वाहन चलाने वाले पर कार्रवाई करने वाहन चालको को ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक किया गया।

### मकान से 7 हजार नगदी व जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी व चांदी के जेवरात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम तर्रा पाटन दुर्ग निवासी दुर्ग दुष्यंत चंद्राकर दशगात्र में शामिल होने गया हुआ था। अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गया। परिवरा समेत ग्राम पौहा से शाम को लौटने पर मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। उतने में एक युवक मकान के भीतर से बाहर निकलकर भाग गया।

# अनैतिक कृत्य करने वाला निलंबित आरक्षक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अश्लील हरकत करने वाले पुलिस निलंबित आरक्षक अरविंद कुमार मेन्ढे को एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरक्षक पर महिला ने बेटे को जेल से छुड़वाने का प्रलोभन देकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था।

▪ भिलाई तीन थाने में महिला ने की थी शिकायत

मामले में जांच के बाद निलंबित आरक्षक अरविंद कुमार मेन्ढे का आचरण पुलिस रेगुलेशन के पैरा 64 सेवा की सामान्य शर्तें व सिविल सेवा ( आचरण ) 1965 नियम के विपरित पाया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड ( 2 ) के उपखंड ख के



अधीन प्रदत्त शक्तियों के आधार पर आधार 1211 निलंबित पुलिस आरक्षक कुमार मेन्ढे को निलंबन से बहाल करते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

गौरतलब हो कि 18 अगस्त 2008 में पुलिस आरक्षक के रुप में शासकीय सेवा से अरविंद कुमार मेढे जुड़ा था। 28 जून 2021 से पुरानी भिलाई थाने में पदस्थ पदस्थ था। उसके खिलाफ भिलाई तीन में एक महिला ने धारा 64 ( 2 ) ( ए ) ( आई ) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कराया था। प्रकरण के आरोपी आरक्षक अरविंद कुमार मेन्ढे शासकीय सेवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध होने पर सेवा शर्तों एवं आचरण नियमों में प्राथमिक जांच कराई गई।

### जांच में यह बात आई सामने

जांच में पाया गया कि 18 नवंबर 2025 को आरक्षक अरविंद कुमार मेन्ढे ने महिला को शाम 7 बजकर 5 मिनट से 7 बजकर 56 मिनट के बीच तीन बार अपने मोबाइल फोन से कॉल किया। चरोदा बस स्टैंड के पास महिला को बुलाया। यहां से अरविंद ने पीड़िता को अपने वाहन से रेलवे स्कूल के पास फाटक पार कर सूनसान जगह पर ले जाकर महिला से अनैतिक कृत्य किया था। मामले में पीड़िता की शिकायत के बाद आरक्षक अरविंद कुमार मेन्ढे के खिलाफ अपराध कायम कर निलंबित कर दिया गया। 16 दिसंबर 2025 कोई अरविंद को नोटिस जारी किया गया। 19 नवंबर 2025 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। कारण नोटिस को वाहक के माध्यम से निवास स्थान भेजा गया। अरविंद वहां पर भी नहीं मिला। उसकी बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई।

# पुलिस में नौकरी लगाने का झांसा देकर की 3.25 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर झांसा देकर रकम ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि ग्राम डूडेंरा उतई निवासी कमल सिंह साहू ने 8 जून 2012 को ग्राम मोरिद निवासी शोभाराम साहू को नौकरी लगाने के नाम पर 3.25 लाख रुपए लिया था।

▪ भिलाई नगर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

पीड़ित के बेटे को बलौदा बाजार में पुलिस में नौकरी लगाने रकम दिया था। बलौदा बाजार में पुलिस भर्ती निकला था। जिसमें बेटे देवेन्द कुमार साहू को नौकरी लगाने शोभाराम साहू ने झांसा देकर रकम लिया। दो तीन साल बीत जाने के बाद भी पीड़ित के बेटे का नौकरी नहीं लगा तो रकम वापस करने शोभाराम को कई बार बोला था। शोभाराम साहू हमेशा तारीख दिया करता था, फिर शोभाराम ने स्टाम्प पेपर में लिखित में दिया कि रकम को दो किस्त में लौटा दूंगा।

13 साल बाद भी पीड़ित को रकम नहीं लौटाया गया। परेशान होकर पीड़ित ने थाने में शिकायत किया। जानकारी शोभाराम को लगने पर धमकी देना शुरु कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की। प्रारंभिक दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया। मामले में पुलिस विवेचना जारी है।




## खबर संक्षेप

### बीएफ-8 ने 10,025 टन हॉट मेटल का किया उत्पादन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस8 (महामाया) ने एक दिन में 10,025 टन हॉट मेटल उत्पादन कर अब तक का सर्वाधिक उत्पादन दर्ज करते हुए नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इस उपलब्धि के साथ फर्नेस ने 10 दिसंबर 2025 के 9,606 टन के अपने पूर्व सर्वश्रेष्ठ एक-दिवसीय उत्पादन रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया।उपलब्धी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता थे। उन्होंने अपने संबोधन में श्री तापस दासगुप्ता ने कहा कि यह उत्कृष्ट उपलब्धि विभिन्न विभागों एवं अनुभागों के सामूहिक और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार ने भी उत्पादन की गति को बनाए रखने का आह्वान किया मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कान्त, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा, तुलाराम बेहेरा, प्रमोद कुमार, प्रोसेनजीत दास, प्रवीण राय भल्ला, सीजीएम त्रिभुवन बैठा, राहुल श्रीवास्तव, महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मल्लिक, जाकिर शैख़, जगेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो : दीपक

**भिलाई।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के शासनकाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और कपड़ा कारखाने के मजदूर दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या की दीपक ताराचंद साहू (पूर्व राज्यमंत्री) ने निंदा की। श्री साहू ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बांग्लादेश के



रवैये में कोई बदलाव नहीं आया है। हिंदुओं पर हमले को लेकर उसने चुप्पी साध रखी है। उग्र भीड़ द्वारा कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले 25 वर्षीय दीपू दास को उन्मादी भीड़ ने सड़कों पर घसीटा और बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला। फिर उसके बेजान शरीर को एक पेड़ से बांधकर आग लगा दी। श्री साहू ने कहा कि अपने देश में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह से असफल रहने वाली मोहम्मद युनुस की अंतरिम सरकार कट्टरपंथी छात्र नेताओं को रिझाने के लिए भारत विरोधी रवैये को और हवा देने में जुटी है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता पैदा हो गई। श्री साहू ने मांग की है कि यूनुस सरकार दीपू दास की बेरहमी से हत्या करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे।

### नगर सेवाएं में हुई राजभाषा कार्यशाला

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग के सभागार में राजभाषा कार्यशाला हुई। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के मुख्य आतिथि थे। हिंदी में नोटशीट लेखन एवं स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई, नोटशीट लेखन प्रतियोगिता में सहायक महाप्रबंधक रमेश कुमार गुप्ता ने प्रथम, वरिष्ठ व्याख्याता राजेश कुमार गुप्ता ने द्वितीय तथा व्याख्याता केदारनाथ सोनबेर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में व्याख्याता केदारनाथ सोनबेर ने प्रथम, उप प्रबंधक मुकुंद दास मानिकपुरी ने द्वितीय तथा सहायक महाप्रबंधक पूरन लाल साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# हुडको क्षेत्र की खाली सरकारी भूमि का होगा योजनाओं के लिए उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हुडको क्षेत्र में खाली पड़ी सरकारी भूमि का उपयोग योजनाओं के क्रियांवयन में होगा। ऐसे जमीन का सत्यापन भी निगम ने करवाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में उपलब्ध शासकीय भूमि का अवलोकन किया और नागरिक सुविधाओं, विशेषकर साफ-सफाई व सीवरेज लाइन संबंधी समस्याओं का बारीकी से निरीक्षण किया।निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वार्डों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आयुक्त ने रिक्त भूमि का करवाया सत्यापन



### खाली जमीन पर प्लान के निर्देश

आयुक्त ने हुडको क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रिक्त पड़ी शासकीय भूमि का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने इन भूमि का उपयोग आने वाले समय में जनहितकारी कार्यों और शासकीय परियोजनाओं के लिए करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हुडको में औचक निरीक्षण के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा कचरा में आग लगाया गया था, जिसे निगम आयुक्त द्वारा गंभीरता से लेते हुए सफाई में लगे हुए कर्मचारियों को इसके रोकथाम हेतु समझाया गया । कचरा में आग लगाने से 5000 रुपए का जुर्माना पर्यावरण विभाग द्वारा लगाया जाता है।

### सीवरेज लाइन कार्य गुणवत्तापूर्ण हो

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हुडको की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज लाइन कार्य हेतु निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता से समझौता किए बिना इसे समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि नागरिकों को जलभराव या अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान वार्ड के वरिष्ठ नागरिको ने आयुक्त से मुलाकात किया और समस्याओं से अवगत कराए, सफाई और अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल निगम आयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए हैं । इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ मुख्य रूप से अमरनाथ दुबे जोन आयुक्त,प्रिया करसे कार्यपालन अभियंता, श्वेता महेश्वर सहायक अभियंता अन्य वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेंशन में भी हो सुधार, सेफी ने इस्पात मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# इस्पात क्षेत्र के निजीकरण और सेल में एक समान वेतन को लेकर सेफी ने बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल में एक समान हाउस रेंट देय डीपीई के दिशा निर्देश के अनुरुप पेंशन स्कीम में सुधार, इस्पात सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण न करने और आरआईएनएल के अवैधानिक आदेश को वापस लेने आदि मांगों को लेकर सेल अधिकारी एकजुट होने लगे हैं । सेफी ने इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मिलकर सभी लंबित मुद्दों के समाधान की मांग की है। चेयरमेन एनके बंछोर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री को ज्ञापन सौंपकर अधिकारी कर्मचारी व सार्वजनिक उपक्रमों के हित में जल्द राहत की मांग की है। सेफी के महासचिव संजय आर्या, उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, सेफी संयुक्त सचिव केवीडी प्रसाद व सेफी सदस्य अबकाश बेहरा उपस्थित थे। अधिकारियों के लंबित प्रमोशन, सेल में एक समान एचआरए, डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार सेल पेंशन स्कीम में सुधार, सेल के कई इकाईयों में बड़े मकानों में थर्ड पार्टी कब्जों से मुक्ति व सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों के निजीकरण के स्थान पर इसके पुर्नगठन, रणनीतिक साझेदारी/विलय आदि पर सकारात्मक पहल करने आग्रह किया।

श्री बंछोर ने बताया कि आरआईएएनएल के प्रबंधन द्वारा जारी आदेश विधिसम्मत नहीं है। आदेश में डीपीई दिशानिर्देशों की अवहेलना के साथ ही श्रम नियमों की भी अनदेखी कर वेतन निर्धारण का फार्मूला तय करने से कर्मियों अधिकारियों को नुकसान होगा। आदेश के तहत नवंबर माह से वेतन का भुगतान प्राप्त उत्पादन लक्ष्यों के अनुपात में किया गया है। इसके तहत नवम्बर माह में वेतन भुगतान कोक ओवन 93 प्रतिशत, सिन्टर प्लांट - 80 प्रतिशत, ब्लास्ट फर्नेस 83 प्रतिशत, एसएमएस - 81 प्रतिशत, रोलिंग मिल्स - 79 प्रतिशत, मार्केटिंग - 84 प्रतिशत, अन्य - 83 प्रतिशत, एमएम दृ 66 प्रतिशत। इस प्रकार के वेतन के वितरण से कार्मिकों में काफी असंतोष है, जो किसी भी सार्वजनिक उपक्रमों में लागू नहीं है। डीपीई दिशानिर्देश मूल वेतन, डीए, पर्क्स, पीआरपी तथा सेवानिवृत्ति लाभों की संरचना को परिभाषित करते हैं। इनमें से केवल प्रदर्शन-आधारित वेतन (पीआरपी) को ही कंपनी के लाभ से जोड़ा जा सकता है। डीपीई के गाइडलाइन के अनुसार एचआरए दिलाने की मांग की।

## भिलाई टाउनशिप से स्थानांतरित व रिटायर छग के अफसरो के कब्जे से निजात की मांग



### शासन के अधिकारियों के कब्जे हटाएं

सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर ने इस्पात मंत्री से राज्य सरकार के स्थानांतरित व रिटायर अधिकारियों के भिलाई टाउनशिप के कब्जे खाली कराने की मांग की। बताया कि अन्य जिलों में पदस्थ व उनका अन्यंत्र स्थानांतरित व सेवानिवृत अधिकारी बीएसपी के बड़े मकानों पर काबिज हैं। कुछ जनप्रतिनिधियों व पूर्व जनप्रतिनिधियों ने एक से ज्यादा बड़े मकानों का कब्जा किया हुआ है। सभी बीएसपी अधिकारियों को आवास दिलाने कब्जों से मुक्ति दिलाएं। पेंशन को डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप दिलाने मांग करते हुए बताया कि सेल में 30 प्रतिशत सेवानिवृत्ति लाभ सुनिश्चित करने के लिए कृपया आवश्यक दिशानिर्देश जारी करें। जिससे डीपीई दिशानिर्देशों की सही भावना के अनुरूप मासिक आधार पर 9 प्रतिशत की दर से पेंशन का अंशदान हस्तांतरित किया जाए।

### सार्वजनिक क्षेत्र का न हो निजीकरण



श्री बंछोर ने इस्पात मंत्री को अवगत कराया कि नगरनार इस्पात संयंत्र 3 एमटी की क्षमता के साथ 24000 करोड़ की लागत से अत्यंत आधुनिक तकनीक के साथ बना इस्पात संयंत्र है जो कि कच्चे लौह अयस्क की खदानों से परिपूर्ण इकाई है। इसे चलाने के लिए कार्यरत मात्र 200 अधिकारी एवं 1000 कर्मचारी अपर्याप्त है। इन परिस्थितियों में इस संयंत्र की भी लाभार्जन क्षमता भारी रूप से प्रभावित हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उपक्रमों के अधिकारियों का अपेक्स संगठन सेफी प्रारंभ से ही सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण का विरोधी रहा है। सरकार की नवीन इस्पात नीति 2030 के तहत इस्पात मंत्रालय के द्वारा सेल को क्षमता विस्तार हेतु निर्देशित किया गया है, इसके अंतर्गत सेल को वर्ष 2030 तक 35 एमटी की क्षमता अर्जित करने का लक्ष्य दिया गया है।

# सीटू ने बीएसपी प्रबंधन से मांगा टाउनशिप के आवासों का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में बीएसपी आवासों में कब्जे और रिटेंशन स्कीम के विरोध के बीच आवासों को लेकर यूनियनों ने दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। सीटू ने बीएसपी प्रबंधन से टाउनशिप के कुल आवासों की वस्तुस्थिति उपलब्ध कराने की मांग की है। कब्जे वाले मकानों की स्थिति से जल्द अवगत कराने पर जोर दिया है।

सीटू द्वारा प्रबंधन को दिए गए पत्र में टाउनशिप के अंदर बने आवासों की क्रमवार जानकारी मांगते हुए पूछा गया कि, भिलाई टाउनशिप में कर्मचारियों के लिए कुल कितने आवास बनाए गए थे । वर्तमान में एन क्यू 1, एन क्यू 2, एन क्यू एन क्यू 4, एन क्यू 5 के कितने आवास हैं। कब्जे में कितने हैं। कितने आवास अनफिट घोषित कर जमींदोज किए गए हैं और कितने आवास कर्मचारियों को लीज में दिए गए हैं । सीटू महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने पत्र में पूछा है कि कितने आवास कर्मचारियों को रिटेंशन व लाइसेंस में दिए गए हैं। अलावा कितने आवास थर्ड पार्टी एलाटमेंट किए गए हैं और अधिकारियों के लिए कुल कितने आवास बनाए गए थे । इनमें से वर्तमान में ई क्यू 1, ई क्यू 2, ई क्यू 3, ई क्यू 4, ई क्यू के कितने आवास हैं। अधिकारियों से सम्बंधित कितने आवास अनफिट घोषित कर जमींदोज किए गए हैं और कितने आवास अधिकारियों को आवास लीज में दिए गए हैं। कितने आवास अधिकारियों को रिटेंशन स्कीम व लायसेंस में दिए गए हैं। अधिकारियों के लिए बने कितने आवास थर्ड पार्टी एलाटमेंट किए गए और कितने आवास कब्जे में हैं और कितने कर्मचारी अधिकारी स्वयं के निजी आवास में रहते हैं।

### टाउनशिप का भी दें प्लान

सीटू ने बताया कि यूनियन कई बार प्रबंधन से टाउनशिप के बारे में उनके द्वारा बनाए जा रहे प्लान को मांगता रहा है क्योंकि लगभग 6 माह पूर्व कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन के स्तर पर हुए एक बैठक में प्रेजेंटेशन के दौरान प्रबंधन ने इस बात को स्पष्ट किया था कि आने वाले दिनों में लगातार संयंत्र से कर्मी सेवा निवृत्त हो रहे हैं जिनकी संख्या 2030 6500 हजार रह जाएगी। टाउनशिप में लगातार कब्जेधारी भी बढ़ने से यहां की खूबसूरती भी खराब हो रही है । ऐसे में प्रबंधन का टाउनशिप को लेकर क्या प्लान है। यह यूनियनों सहित कर्मियों के सामने स्पष्ट होना चाहिए ।

- लीज, रिटेंशन, लाइसेंस, थर्ड पार्टी, कब्जा धारी सभी की दें जानकारी

## हल्बा समाज का शक्तिपर्व महोत्सव शुरू आज शोभायात्रा में शामिल होंगे सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग द्वारा 26 दिसंबर दिन शुक्रवार शाम 5.30 बजे शक्ति भवन आशीष नगर रिसाली में मातृ शक्ति, समाजजनों की उपस्थिति में मुख्य ज्योति प्रज्वलित किया गया। माता सेवा का कार्यक्रम भी किया गया। 27 दिसंबर दिन शनिवार को हल्बा शक्ति भवन रिसाली से सुबह 9 बजे माई दंतेश्वरी की शोभायात्रा, मुख्य कलश के साथ वाहन रैली के रूप में निकलेगी। शोभायात्रा डीपीएस चौक रिसाली, जेल तिराहा दुर्ग, गांधी चौक दुर्ग, पटेल चौक, गंजपारा दुर्ग मिनी माता चौक पुलगांव से होकर शक्ति स्थल गोकुल नगर पुलगांव पहुंचेगी। प्रवेश द्वार पर माई दंतेश्वरी एवं शोभायात्रा का स्वागत के बाद मुख्य कलश स्थापना के बाद सामाजिक ध्वजारोहण कर शक्ति पर्व महोत्सव का शुभारम्भ किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंथिर खलेन्द्र अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। विशेष रूप से मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, अनिला भेड़िया, ताम्रध्वज साहू, डॉ. देवेन्द्र माहला 36 गढ़ केंद्रीय महासभा, महेश गागड़ा पूर्व वनमंत्री, अलका बाघमार महापौर, शशि सिन्हा शामिल होंगे।

# सुविधि इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के मजदूर काम पर लौटे, धरना खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले न्यूनतम वेतन देने सहित अन्य मांगों को लेकर सुविधि इस्पात प्राईवेट लिमिटेड रसमड़ा के श्रमिकों का दो दिनों से चल रहा धरना समाप्त हो गया। प्रबंधन और यूनियन के बीच हुई समझौता बैठक में मांगों को लेकर बनी के बाद मजदूर काम पर लौट गए। यूनियन ने सभी मांगो पर तत्काल क्रियान्वयन की मांग की है।

सुविधि प्रा. लि. के पाच साल से काम कर रहे तीन सौ मजदूर श्रम कानूनों के अनुसार न्यूनतम वेतन, राष्ट्रीय और त्योहारी अवकाश, इएलसीएल,बोनस, सुरक्षा उपकरण दिए जाने आदि मांगों के संबंध में संघर्ष कर रहे इंजीनियरिंग श्रमिक संघ छमुमो के महासचिव भीमराव बागड़े के नेतृत्व में कलेक्टर दुर्ग सहित सहायक श्रमायुक्त, उप संचालक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दुर्ग कार्यालय में 30 नवंबर मांग पत्र पेश किए थे। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई किए बिना 16 दिसंबर से श्रमिकों को ड्यूटी से वापस किया जा रहा था। यूनियन के महासचिव श्री बागड़े ने बताया कि इस फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों को ड्यूटी से लौटाने के बाद बंगाल और ओडिशा से नए मजदूरों को काम पर लाया गया, ताकि यूनियन को तोड़ा जा सके और आपस में विवाद हो। इसके विरोध में छमुमो के नेतृत्व में मजदूरों ने 24 दिसंबर को सुबह 6 बजे से कंपनी में काम बंद कर 25 दिसंबर को धरना जारी रखा। शाम को उद्योग प्रबंधन और मजदूरों के बीच समझौता बैठक में मांगों पर सहमति बनी।

- छमुमो के साथ हुई समझौता बैठक में मांगों पर बनी सहमति

बैठक में मजदूरों को ड्यूटी से वापस नहीं किए जाने, वापस भेजे गए श्रमिकों को उन दिनों का वेतन दिया जाएगा और जिन कर्मियों को 12 घंटे ड्यूटी कराई जा रही थी, उन्हें एक जनवरी 2026 से 8 घंटे ड्यूटी कराई जाएगी। उद्योग प्रबंधन से लिखित समझौता के बाद 26 दिसंबर को सुबह 6 बजे से काम प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व धरना स्थल पर श्रमिकों की हुई सभा को छमुमो के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, उपाध्यक्ष एजी कुरैशी, एक्टू के राष्ट्रीय सचिव बृजेंद्र तिवारी, भुवन साहू, जीवन साहू, संजय साहू ने संबोधित किया। संचालन तुलसी देशमुख व पूनाराम साहू ने किया।

## ट्विनसिटी के साहित्यकारों ने विनोद कुमार शुक्ल के साहित्यिक अवदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रसिद्ध साहित्यकार ज्ञानपीठ सम्मान से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर ट्विनसिटी के साहित्यकारों ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके साहित्य जगत में अवदान स्मरणीय बताया है। उनके निधन को अपूर्णीय क्षति निरुपित क्षति बताया है। जन संस्कृति मंच भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में कल्याण कालेज के डिजिटल सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। स्मृति में शोक स कल्याण महाविद्यालय भिलाई में किया।

- कल्याण कालेज में जन संस्कृति मंच ने किया शोकांजलि कार्यक्रम

आलोचक सियाराम शर्मा ने कहा कि हमने एक बड़ा रचनाकार वह होता है, जो किसी समाज, देश के जीवन की लय को पकड़ लेता है। परमेश्वर वैष्णव ने कहा उनका सहसा जाना छत्तीसगढ़ सहित समूचे विश्व के लिए अपूरणीय क्षति है।

कैलाश बनवासी ने उनके कृतित्व को प्रेरक बताया। उनकी रचनाओं में छत्तीसगढ़िया की सुगंध बसी है। लोकबाबू ने कहा कि विनोद कुमार ने अपने उपन्यास व कविताओं से वैचारिक माहौल बनाया। रचनाओं में छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू है। पूर्णिमा साहू ने कविता 'सायकिल' का पाठ भी किया। कवि घनश्याम त्रिपाठी ने स्व. शुक्ल के संस्मरण सुनाए। अंबरीश त्रिपाठी ने विनोद कुमार सर्जक थे और सर्जना के माध्यम से



वे हमारे बीच हमेशा मौजूद रहेंगे। मीना गुप्ता, शालिनी त्रिपाठी, अभिषेक पटेल, मुमताज, विजय वर्तमान, नौशाद सिद्दीकी ने भी स्व. शुक्ल के वैचारिक व रचना लेखन को प्रेरक बताया।

कार्यक्रम का संचालन अशोक तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन एन. पापाराव ने किया।






## जल्द जांच कर कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

# हिन्दू युवा मंच ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिन्दू युवा मंच ने शहर में लगातार बढ़ते भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय से मुलाक़ात कर ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं से अवगत करवाया। आयुक्त महोदय ने जल्द जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।



भिलाई महानगर अध्यक्ष कमल रणदिवे ने आयुक्त को बताया कि नगर निगम भिलाई के अंतर्गत लगभग 2700 कर्मचारी जिसमें सफाई, बोरिग संधारण, गार्ड, फिल्टर संधारण, पम्प संधारण में पलेस्मेंट कर्मचारी को बिना ईएसआई और पीएफ के भुगतान किया जा रहा है। बिना नगर निगम के निविदा के सेक्टर-5 स्थित शहीद उद्यान में प्रवेश शुल्क लिया जा रहा हैं। पिछले 4 वर्षों में वृक्षरोपण के नाम पर लगभग 7 करोड़ रुपये के विभिन्न 70 वार्डों में पोधों लगाए गए जिसमें करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है। संपत्तिकर में किसी भी निगम में 18 प्रतिशत का अधिभार नहीं है और न ही 1000 रुपए का पेनल चार्ज फिर भिलाई की जनता पर ये अधिभार क्यों। पाइप लाइन बिछाने के नाम पर व्यक्तिगत चहते ठेकेदार को काम दिया गया। 15 वीं वित्त के तहत विगत 4 वर्षों में 35 से 40 करोड़ रुपये के पेवरब्लॉक लगाया गाया है। इसमें हुए भ्रष्टाचार के मुद्दे को कई बार निगम के सामान्य सभा में उठाया गया है फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। सुपेला देशी दारु भट्टी को हटाने और वार्ड 16 शीतला तालाब में सौंदर्यीकरण की मांग की गई।

## निगम आयुक्त ने किया छावनी क्षेत्र का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निगम के जोन-4 अंतर्गत छावनी क्षेत्र के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान उन्होंने जनहित के विकास कार्यों की समीक्षा की और शासकीय जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।आयुक्त ने छावनी आईटीआई कैंपस का मुआयना किया। कैंपस परिसर में हो रहे अवैध अतिक्रमण को देख उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समीप ही बनाए जा रहे एसएलआरएम सेंटर के निर्माण कार्य का आयुक्त ने सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इसे समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। हथखोज मार्ग पर चल रहे नवीन डामरीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को कार्य में पारदर्शिता और मजबूती सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए, ताकि आवागमन सुगम हो सके। निरीक्षण के दौरान इस महत्वपूर्ण दौरे में जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू एवं अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव आदि उपस्थित थे।




हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

28 दिसंबर तक संगीतमय आयोजन



## सिटी इवेंट

# अड्डाबाज में बांग्ला-हिंदी काव्य पाठ के साथ हुआ विचार-विमर्श



■ बंगीय साहित्य संस्था की साप्ताहिक बैठक में जुटे साहित्यकार

**भिलाई।** बंगीय साहित्य संस्था के तत्वावधान में कॉफी विथ साहित्यिक विचार-विमर्श अड्डाबाज-107 का आयोजन भिलाई निवास कॉफी हाउस में किया गया। इस दौरान साहित्यिक विचार-विमर्श एवं बांग्ला-हिंदी में काव्य पाठ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में साहित्यकारों ने अपनी भागीदारी दी। इस्पात नगरी में 65 वर्षों से सक्रिय बंगीय साहित्य संस्था मूल रूप से बांग्ला भाषा के उन्नयन, संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को लेकर पहल करती रही है। इस संस्था का गठन भाषाविद् व बांग्ला लेखक स्व. शिव व्रत देबानजी और डॉ. भवानी प्रसाद मुखर्जी ने किया था। वर्तमान में संस्था की सभापति देश की लब्ध प्रतिष्ठित कवयित्री लेखिका बानी चक्रवर्ती और उपसभापति बांग्ला की वयोवृद्ध लेखिका स्मृति दत्त, सचिव शुभेंदु बागची, सहसचिव प्रकाश चंद्र मंडल एवं कोषाध्यक्ष पल्लव चटर्जी को विभिन्न पदों का दायित्व दिया गया हैं। संस्था का बांग्ला में प्रकाशित मुखपत्र 'मध्य वलय' है। मध्यबलय लिटिल मैगजीन के संपादक बांग्ला के प्रगतिवादी कवि दुलाल समाद्दार हैं। अनेक साहित्यिक आयोजन के साथ-साथ प्रति सप्ताह 'कॉफी विथ साहित्यिक विचार-विमर्श अड्डा' का भी आयोजन संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस बार मुख्य रूप से स्मृति दत्त, दुलाल समाद्दार, संस्था के संस्थापक सदस्य व बांग्ला कवि समरेंद्र विश्वास, पल्लव चटर्जी, प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था 'आरंभ' के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य, बांग्ला कवि वीरेंद्रनाथ सरकार,पं. वासुदेव भट्टाचार्य, जीबोन हालदार, विपुल सेन, पुलीन पाल, सोमाली शर्मा, सुजॉशा सेन, सामाजिक व साहित्यिक चिंतक आलोक कुमार चंदा, रतन सरकार, कृष्ण चंद्र रॉय और अर्जुन मंडल इस बैठक में शामिल हुए। अड्डाबाज़-107 के सभापति समरेंद्र विश्वास थे। संचालन स्मृति दत्त ने और आभार व्यक्त आलोक कुमार चंदा ने किया।

## सिटी इवेंट

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल पूरे प्रदेश से जुटेगा मेहर समाज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज प्रदेश स्तरीय युवक युवती एवं परिचय सम्मेलन प्रतिभा सम्मान समारोह 28 दिसंबर रविवार को मंगल भवन पुराना सरस्वती शिशु मंदिर भाटापारा में आयोजित है। सम्मेलन का आयोजन दो सत्र में किया गया है। प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से दीप प्रज्वलन संस्कृति कार्यक्रम और दूसरा सत्र दोपहर 1 बजे से युवक युवती परिचय व सम्मान समारोह का निर्धारित किया गया है। आयोजन में दुर्ग-भिलाई के भी सामाजिक लोग शामिल होंगे। मीडिया विभाग के देवेन्द्र लहरी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गुरु खुशवंत सिंह केबिनेट मंत्री, राजेश अग्रवाल कैबिनेट मंत्री, इन्द्र साव विधायक भाटापारा, संदीप साहू विधायक कसडोल, शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, सनम जांगड़े पूर्व विधायक बिलाईगढ, अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नपा परिषद भाटापारा, श्रीकांत जायसवाल जिला पंचायत सदस्य, ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्प विकास बोर्ड, सविता प्रदीप अनंत अध्यक्ष जनपद पंचायत भाटापारा, ईशान वैष्णव सभापति जिला पंचायत भाटापारा, दिलीप छाबड़िया उपाध्यक्ष नपा परिषद, भोजराम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भाटापारा, खेमराज बाकरे प्रदेश अध्यक्ष मेहर समाज, महिला अध्यक्षा कुलेश्वरी बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

## लाइव इवेंट

# महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर स्नेह मिलन समारोह 28 दिसंबर को



**भिलाई।** महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज भिलाई द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अध्यक्ष सहीराम जाखड़ की अध्यक्षता में 28 दिसम्बर रविवार को हिन्दू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर वार्षिक स्नेह मिलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समाज के सभी सदस्यों को एक साथ लाने और आपसी मेलजोल बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बढ़ाना, नए सदस्यों का स्वागत करना और सदस्यों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी सामाजिक लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर महाराजा सूरजमल के बलिदान को याद किया जाएगा।

## मनवा कुर्मी कल्याण समिति का पारिवारिक मिलन समारोह कल, होंगे सांस्कृतिक आयोजन

**भिलाई।** मनवा कुर्मी कल्याण समिति भिलाई नगर का पारिवारिक मिलन समारोह 28 दिसम्बर रविवार को कुर्मी भवन सेक्टर-7 में आयोजित है। इसमें प्रथम सत्र में बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता तथा बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता तथा सभी के लिए मनोरंजक खेलकूद का आयोजन किया गया है। दोपहर स्वरुचि भोज के बाद द्वितीय सत्र में 3 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन है, जिसमें पारिवारिक सदस्यों के बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन है। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा, खेल एवं अन्य उपलब्धियों तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार प्राप्त सामाजिकजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वरी वर्मा राजप्रधान, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग-राज, विशिष्ट अतिथिगण-मान. डॉ. संजीव कुमार सिरमौर, डिप्टी डायरेक्टर वेटनरी सर्विस तथा कमलेश वर्मा जनपद उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवक राम वर्मा अध्यक्ष-मनवा कुर्मी कल्याण समिति करेंगे।

● हनुमंत कथा का दूसरा दिन ... हनुमान चालीस की 10 चौपाइयों का किया बखान, आज आगे की कथा

# हनुमान चालीसा वज्र बाण है, इसे मनुष्य अपने आचरण में आत्मसात कर धर्म के मार्ग पर चले तो कल्याण निश्चित

**पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी, सांसद विजय बघेल, बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय प्रमुख रूप से पहुंचे। कथा में पं. शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म और हिंदुओं की रक्षा के लिए माला व भाला साथ रखना आवश्यक है। जयंती स्टेडियम में कथा सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी। औद्योगिक नगरी भिलाई में चल रही दिव्य हनुमंत कथा में धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान चालीसा की छठवीं चौपाई हाथ बज्र व ध्वजा विराजे की व्याख्या करते हुए कहा कि जिस प्रकार बांग्लादेश में निर्दोष हिंदुओं को मारा जा रहा है, उसे देखते आज के परिदृश्य में सनातन धर्म बचाने व हिंदुओ की रक्षा के लिए ध्वज माला व भाला दोनों साथ रखना आवश्यक है।**





**भिलाई।** कथा स्थल परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। कथा के दौरान पं. धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान चालीसा की चौपाई का बखान किया। उन्होंने 10 चौपाइयों का वर्णय किया, उसे वर्तमान परिवेश से जोड़कर समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान के दो रूप हैं, एक रूप वानर का है और दूसरा भगवान राम के भक्त हनुमान का। रावण ने उन्हें सिर्फ वानर समझा, उन्हें इसका बोध नहीं हो पाया कि वे भगवान राम के भक्त है, जो पूरी लंका नगरी का नाश कर सकते हैं।

रावण ने उनकी पूछ में आग लगा दी, जिसके बाद जो कुछ हुआ, वे सभी जानते हैं। यह कथा हमें बताती है कि अधर्मी और दुर्गणी के नाश के लिए एक भक्त की काफी है। हनुमान चालीसा में लिखा गया प्रत्येक शब्द केवल भक्त और भगवान का महिमा मंडित नहीं करता अपितु यह मानव जीवन का सार है। उन्होंने कहा कि बुरी शक्तियों, अधर्मियो के खिलाफ हनुमान चालीसा वज्र बाण है, इसे मनुष्य अपने आचरण में आत्मसात कर धर्म के मार्ग पर चले तो उनका कल्याण निश्चित है। गोस्वामी तुलसी दास ने हनुमान चालीसा के जरिए भक्त भगवान व मनुष्य के नैतिक कर्तव्य की व्याख्या किया है, जो आज भी प्रासंगिक है। कथा का श्रवण करने के लिए महापौर अलका बाघमार, नीरज पाल, सरस्वती बंजारे, डोमन लाल कोसेवाड़ा, विभा अवस्थी, विधायक देवेंद्र यादव की पुष्पा देवी, प्रतिमा चंद्राकर, सांवला राम डाहरे, बस्तर के राजा कमल सिंह भंजदेव सहित अन्य पहुंचे। कथा के तीसरे दिन शनिवार को बागेश्वर पीठ कथा स्थल में दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक दिव्य दरबार लगाया जाएगा, जिसमें पर्ची के जरिए लोगों के दुखों व समस्याओं के निवारण के उपाय बताए जाएंगे।

### बेटियों का ब्याह कराएंगे

कथावाचक पं. शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण तीन वजह से हो रहा है। अशिक्षा, अंधविश्वास और आर्थिक परेशानी। छत्तीसगढ़ हमें बहुत कुछ दिया है। इसलिए आप लोगों से हमें जो दान में मिलता है उसे जरूरतमंदों की शिक्षा पर खर्च करते हैं। आर्थिक दिक्कतों की वजह से गरीब माता-पिता अपनी बेटियों की शादी व्याह नहीं कर पाते। हम छत्तीसगढ़ की ऐसी बेटियों का ब्याह बागेश्वरधाम से करवाएंगे। कथा के बाद ऐसे माता-पिता अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।



### बेटी दी है तो पिता धन्यवाद करो

कथावाचक पं. शास्त्री ने कहा कि जिनके घर बेटियां पैदा होती है वह सौभाग्यशाली होते हैं। उन्होने कहा कि लोग तीन-तीन बेटे होने का गर्व करते है लेकिन बेटी नहीं होती मातृत्व कहां से लाते। किसी पिता ने अपनी बेटी का ब्याह किया है तो उनका धन्यवाद करो। पिता ने 20 -21 साल तक अपनी बेटी को पाला-पोसा और एक ही पल में उसे अपने से तुम्हारे साथ व्याह कर दूर कर दिया। उन्होने बेटियों का भाई से अटूट स्नेह की भी कथा सुनाई।

## आरडी बर्मन नाइट एवं बालीवुड संगीत संध्या कल

**भिलाई।** सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स एवं आफीसर्स एसोशिएशन बीएसपी द्वारा एक भव्य सांगीतिक संध्या का आयोजन 28 दिसम्बर को स्थानीय कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित है। कार्यक्रम की थीम आर डी बर्मन के सुपर हिट नगमो और बालीवुड की सुनहरी यादें पर निर्धारित है। आयोजकों महेश कुमार विनोदिया एवं शिप्रा मंडल ने बताया कि सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स समूह द्वारा इस वर्ष के अंत एवं न्यू ईयर के प्रारंभ में होने वाले म्यूज़िकल आयोजन में अंचल और प्रदेश के कलाकारों में लता बर्मन, वीना माखीजा, शिप्रा मंडल, सरोज खत्री,प्रनोती गजभिए, श्रीजा दलाल, सत्या पांडेय, अंथोनी फ्रांसिस, ओपी रजक, शांताराम वानखेड़े, सुनील परदेशी एवं गिरीश चतुर्वेदी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। संगीत निर्देशक प्रसिद्ध संगीतकार कबींद्र बर्मन डालफिन ग्रुप का रहेगा। कार्यक्रम का लोकप्रिय उद्घोषिका ज्योती धारकर करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। बीएसपी अधिकारी पवन कुमार, संदीप माथुर, नरेंद्र कुमार बंछोर प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

# बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास भी जरूरी, नृत्य की प्रस्तुति ने मोहा मन



**भिलाई।** जवाहर नगर भिलाई स्थित केएच मेमोरियल स्कूल का वार्षिक उत्सव सेलेस्ट विविध आयोजनों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केएच मेमोरियल ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन केके झा उपस्थित हुए। यहां मुख्य अतिथि सहित आए हुए अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। केएच मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा ने उपस्थित लोगों को स्कूल की गतिविधियों संचालन और स्कूल की शुरुआत से लेकर अब तक की जानकारी विस्तार से दी। वहीं अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि केके झा ने कहा कि स्कूल बच्चों के भविष्य को गढ़ने को लेकर प्रतिबद्ध है। यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास को लेकर अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि के एच मेमोरियल की चौथी शाखा केएच टाइनी टाट का शुभारंभ दुर्ग के मालवीय नगर में किया गया है। उपस्थित लोगों को उद्योगपति अरविंदर सिंह सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पढ़ाई के साथ खेल और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जिसका लुत्फ लोगों द्वारा कार्यक्रम के अंत तक उठाया गया। डायरेक्टर निश्चय झा सृष्टि झा ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

## श्याम मंदिर में भजन आज



**दुर्ग।** श्याम मंदिर कमेटी द्वारा 27 दिसंबर की शाम को कादंबरी नगर स्थित श्याम मंदिर में भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया है। धनोरा के दामोदर प्रसाद साहू परिवार द्वारा आयोजित इस भजन संध्या में दिल्ली के प्रख्यात भजन गायक बंटू भैया और नन्हा भजन सम्राट हार्दिक व्यास भजनों की रस गंगा प्रवाहित करेंगे।

मंदिर में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग और श्याम रसोई का भी आयोजन किया जा रहा है। संस्था के ट्रस्टी किशोरी लाल सिंघानिया ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखकर आज के कार्यक्रम के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन गंगा का रसपान करने की अपील की है।

नेहरूनगर स्थित कबीर वाटिका निर्मल ज्ञान मंदिर में 27 से 29 दिसंबर तक श्रीराम कथा

# दुनिया में चमत्कार होते हैं, भगवान राम ने जीवन में दो बार ऐसा किया, भगवान कृष्ण की लीलाएं सर्वविदित हैं

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** युगतुलसी पद्मभूषण डॉ. रामकिंकर महाराज की शिष्या मंदाकिनी इन दिनों भिलाई में है। उनका आगमन नेहरूनगर स्थित कबीर वाटिका निर्मल ज्ञान मंदिर में हुआ है। वे 27 से 29 दिसंबर के मध्य शाम 5 बजे से शाम साढ़े 7 बजे तक अपने मुखारबिंद से भगवान राम की कथा का बखान करेंगे। उनका आगमन अयोध्या से हुआ है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक दैनिक प्रार्थना, भजन, आरती और दर्शन का आयोजन होगा। शाम 4 बजे से 5 बजे तक भक्ति संगीत का आयोजन होगा। इसके बाद राम कथा होगी। 29 दिसंबर को कथा के बाद महाभोग का आयोजन किया जाएगा। आगमन के बाद मंदाकिनी माता ने कहा कि वे दुनिया में चमत्कार होते हैं, भगवान राम ने अपने जीवन में दो बार चमत्कार किए। वहीं भगवान कृष्ण की लीलाएं हर समय किसी चमत्कार से कम नहीं रहीं। उन्होंने कहा कि कथा का उद्देश्य समरसता और एकता को बनाए रखना है। हर मनुष्य में राम हैं, जिन्होंने जीवन दर्शन में एक उदाहरण पेश किया, लेकिन हमें अपने अंदर के राम का बोध ही नहीं है। इसका बोध आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वह पावन धरा है, जो भगवान राम का ननिहाल है, जहां माता कौशल्या का जन्म हुआ। भगवान राम ने अपने वनवास के दिए यहां काटे। यह धरती पूजनीय है। उन्होंने कहा कि महाराज रामकिंकर ने 18 वर्ष की उम्र में बिलासपुर से रामकथा की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पूरी दुनिया में रामकथा के जरिए भगवान राम को घर-घर तक पहुंचाया।



### आज से नेहरूनगर में करेंगी रामकथा का बखान

मंदाकिनी माता 27 दिसंबर को नेहरूनगर स्थित कबीर वाटिका में रामकथा का बखान करेंगे। इसके पूर्व पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सुबह से ही भक्ति संगीत का आयोजन शुरू होगा। इस दौरान साध्वीश्री लोगों को भगवान राम की कथा के सार से अवगत कराएंगे। पूरे दिन विधि-विधान से अलग-अलग कार्यक्रम संपन्न होंगे। आयोजकों ने बताया कि माता मंदाकिनी का इससे पहले भी भिलाई में आगमन हो चुका है। पिछले दिनों उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में रामकथा का रसपान कराया। जहां हजारों भक्तों ने रामकथा का लाभ लिया।

### छत्तीसगढ़ माता शबरी की जन्म स्थली

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वह पावन धरा है, जहां माता शबरी का जन्म हुआ, जिसके जूठे बेर भगवान ने खाए, जिन्हें वैतरणी पार कराया। भगवान राम की कथा का सुमिरन शास्त्रों को समझने के साथ नई दृष्टि प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ की धरती ऋषियों की भी जन्म स्थली है। कई बड़े ऋषि-मुनियों का जन्म और तप स्थल छत्तीसगढ़ है। भगवान ने अपनी प्राप्ति का उपाय भी यहीं बताया। भगवान राम ने यह स्पष्ट किया कि जाति का महत्व नहीं है, केवल भक्ति से ही उन्हें प्रसन्न किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए गहराई पूर्वक चिंतन की आवश्यकता है। रामभक्ति यहां के लोगों में अंडर करेंट हैं, बस इसे समझने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रलोभन से बचना चाहिए।

### एटॉमिक एनर्जी ऑफ इंडिया से मिल चुकी फेलोशिप

माता मंदाकिनी का जन्म मुंबई के गुजराती ब्राह्मण परिवार में हुआ। वे आगे चलकर महाराज रामकिंकर के पदचिन्हों पर चलते हुए मानसमयी हो गईं। उन्होंने स्नातकोत्तर में गोल्ड मेडल अर्जित किया। वे भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम से भी जुड़ीं, जहां प्रोजेक्ट में वैज्ञानिक के रूप में उनका चयन हुआ। आगे वहीं से उन्हें फेलोशिप भी मिली। आध्यात्म से जुड़कर उन्होंने महाराज डोंगरे, पांडुरंग शास्त्री आठवले, चिन्मयानंद सरस्वती, अखंडानंद सरस्वती जैसे संतों के सेवा का लाभ लिया। महाराज जयश्री ने उन्हें रामायणम ट्रस्ट जानकी जीवन मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष नियुक्त कियाा। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्कृष्ठ नारी सम्मान-2015 से नवाजा। वर्तमान में वे अयोध्या में भगवान के श्रीचरणों में सेवारत हैं।

सिटी इवेंट

## नशे से दूर रहकर स्वस्थ रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने किया प्रेरित



**भिलाई।** धौराभाटा में आयोजित एनएसएस कैंप के अंतर्गत कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय नशा मुक्त भारत रहा। इस अवसर पर डॉ. पीएल साव प्रांतीय संयोजक दिया छत्तीसगढ़ ने नशा मुक्त समाज के निर्माण पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सकारात्मक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में युवा का व्यक्तित्व कैसा हो विषय पर इंजीनियर युगल किशोर प्रांतीय सह संयोजक ने अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं को आत्म अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और सामाजिक दायित्व के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के दौरान आत्म चिंतन, आत्म सुधार, आत्म निर्माण एवं आत्म विस्तार जैसे मूल्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी संतोष कुमार लहरे एवं जय पाल सिंह गवारे का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला युवाओं को सही दिशा देने एवं नशा मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। युवाओं के बीच राष्ट्रीय पत्रिका प्रज्ञा अभियान का भी महत्त्व बताया गया एवं बांटा गया।

सिटी लाइव

## शान-ए-गरीब नवाज के उर्स मुबारक पर हुई महफिल-ए- कव्वाली





**दुर्ग।** शान-ए-ख्वाजा के बैनर तले पुराना बस स्टैंड स्थित काबुली सरकार के दरगाह के सामने शहंशाह -ए- हिन्दुस्तान, हिन्द वली सरकार, ख्वाजा गरीब नवाज के 814 वां उर्स मुबारक के मौके पर महफिले-ए- क़व्वाली का कार्यक्रम हुआ। इसमें अंचल के ख्याति लब्ध फनकार शाहिद-आरिफ एण्ड पार्टी द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज के शान में बेहतरीन कलाम पेश किया 1 इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन अंचल के ख्याति लब्ध फनकार शाहिद-आरिफ एण्ड पार्टी को बधाई देते कहा कि उन्हें यह जानकर प्रन्नता हुई कि इस कार्यक्रम में सभी धर्म वर्ग के लोग शरीक हैं। हमारे देश मे एकता की यही बुनियाद हमें मजबूत बनाती है। प्रदेश की भाजपा सरकार सभी वर्ग में विकास की ओर ध्यान दे रही है। इसका लाभ हम सब जनता को मिल रहा है। कार्यक्रम को सालाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अरमिंदर खुराना, समाजसेवी कैलाश चंद्र बरमेचा, डॉ. मानसी गुलाटी, महिला विंग अध्यक्ष डॉ. समीना, मेघा कौर, सहना कुरैशी ने भी संबोधित किया। सभी आमंत्रित अतिथियो को कार्यक्रम के संयोजक हाजी मिर्ज़ा साज़दि बेग, कार्यक्रम के अध्यक्ष हैदर अली, सचिव अहमद मुन्ना खान, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, नदीम आजमी, मेहंदी समनानी, हाजी इसराईल बेग शाद ने मिलकर शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के तम्माम पदाधिकारियों व प्रबंध कार्यकारणी सदस्यों मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रउफ कुरैशी व आभार प्रर्दशन कार्यक्रम के संयोजक हाजी मिर्ज़ा साज़दि बेग ने किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन व उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फ़ज़ल फारुखी, सैयद आशिफ अली, शुफियांन भाई, शाहिल राउफी, शेख रजा, उपासना फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. सुबीर सेन, उपभोक्ता फोरम बेमेतरा की सदस्य सलमा शरीफ सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के संयोजक हाजी मिर्जा साज़दि बेग ने बताया कि बज़्मे ख्वाजा अजमेर शरीफ में चादर लेकर 22 दिसम्बर को रवाना हो गई, जिसे खादिम-ए-आस्ताना सरकार गरीब नवाज जनाब हाजी सुहैल नियाजी के नेतृत्व में ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताने आलिया में पेश किया जाएगा। साथ ही तमाम लोगो के लिए व राज्य में अमन चैन खुश हाली के लिए दुआ की जाएगी।

आनंद सरोवर बघेरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का वाह जिंदगी वाह शिविर

# स्वयं को विश्व नाटक का एक पात्र समझें तो कोई भी परिस्थिति विचलित नहीं करेगी

**दुर्ग।** आनंद सरोवर बघेरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में चल रहे वाह जिंदगी वाह शिविर के पांचवें दिन राजयोग मेडिटेशन विषय पर बोलते हुए प्रोफेसर ब्रह्माकुमार ईवी गिरीश ने कहा कि हमारा कहीं ना कहीं योग रहता ही है। चाहे व्यक्ति का व्यक्ति के साथ या व्यक्ति का किसी वस्तु के साथ या किसी परिस्थिति के साथ हो। आज दुनिया में अनेक प्रकार के योग प्रचलित है। आज आसन और प्राणायाम को ही योग मान लिया गया है, जबकि पतंजलि अष्टांग योग में आठ सूत्र बताए गए हैं, उसमें से केवल दो ही सूत्र प्रचलित है आसन और प्राणायाम जो केवल शारीरिक अभ्यास है। श्रीमद् भगवत गीता में भी योग का वर्णन मिलता है, जैसे ज्ञानयोग, भक्तियोग, बुद्धियोग, कर्मयोग, सांख्ययोग आदि लेकिन सभी योगों में सर्वश्रेष्ठ योग राजयोग मेडिटेशन है। मेडिटेशन शब्द लैटिन के मेडिटेटियो से लिया गया है, जिसका अर्थ है विचार करना। मेडिटेशन एक अभ्यास है जिसमें व्यक्ति मानसिक रूप से स्पष्ट और भावनात्मक रूप से शांत अवस्था को प्राप्त करता है। राजयोग मेडिटेशन वह विधि है जिसके द्वारा हम अपने मन बुद्धि के तार उस सर्वशक्तिमान परमात्मा से जोड़ते हैं और सहज रूप से प्रेम, शांति, आनंद और शक्ति की प्राप्ति करते हैं। परमात्मा इन सभी गुणों का सागर है भंडार है मुख्य स्रोत है।





### हमारी स्वयं के प्रति गलत मान्यताओं की वजह से मन एकाग्र नहीं होता

ईवी गिरीश ने कहा कि हम सभी की यही शिकायत होती है कि योग में मन एकाग्र नहीं होता, इधर-उधर भटकता है। तो इसका कारण है हमारी स्वयं के प्रति गलत मान्यताएं। हम स्वयं को देह समझकर, बॉडी कॉन्शियस होकर परमात्मा से संबंध जोड़ने का प्रयास करते हैं जिसके कारण से हमारा परमात्मा से संबंध ना जुड़कर किसी व्यक्ति, वस्तु या सांसारिक बातों के तरफ बार-बार मन आकर्षित होता है। यह संसार एक रंगमंच है। हम इस विश्व नाटक के एक पात्र है। जिसे जो रोल मिला है वही वह अभिनय कर रहे हैं अगर यह बात हम गहराई से समझ ले तो कोई भी परिस्थिति हमें दुःखी नहीं करेगा। हमारे मन को विचलित नहीं करेगा। हम हर परिस्थिति में शांत और खुश रहेंगे।



### शांति अनुभूति शिविर का आयोजन आज से

उन्होंने कहा कि योग के लिए जरूरी है न्यारापन का होना, साक्षी दृष्टा बनेंगे तभी योग आसान होगा। जब हम साक्षी होकर मन में चलने वाले विचारों का निरीक्षण करने लगते हैं तब धीरे-धीरे मन के विचारों की गति कम होने लगता है और मन एकाग्र हो जाता है। वाह जिंदगी वाह कार्यक्रम के अंतर्गत जिन बातों को जाना समझा, उन्हें गहराई से अभ्यास और अनुभव करने के लिए 15 दिवसीय शांति अनुभूति शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर 26 दिसंबर से 10 जनवरी तक चलेगा, जिसका लाभ ब्रह्माकुमारीज के आनंद सरोवर बघेरा एवं राजऋषि भवन केलाबाड़ी सेवाकेंद्रों पर जाकर निम्न चार सत्रों में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक एवं 10 बजे से 11 तक एवं संध्या 5 बजे से 6 बजे तक एवं 7 से 8 बजे तक कोई भी एक सत्र में शामिल होकर लिया जा सकता है।

### हमारा मन सिर्फ दो ही तरफ सबसे ज्यादा भटकता है

राजयोग विषय पर बोलते हुए आगे उन्होंने कहा कि हमारा मन प्रायः दो ही तरफ ज्यादतर जाता है। पहला जिसके साथ हमारा टकराव हो, संबंधों में कड़वाहट हो और दूसरा जहां हमारा लगाव हो या जिससे हमें कुछ न कुछ प्राप्ति हो। अगर हम अपना सर्व संबंध परमात्मा के साथ जोड़ लेते हैं तो हमें सर्व प्राप्ति एक से होने लगता है और मन सहज ही परमात्मा से जुट जाता है। अगर मैं कौन हूं की गुत्थी को सुलझा लिए तो सब कुछ सहज हो जाएगा। हम स्वयं को देह से न्यारा, एक ज्योति पुंज, एक पॉइंट ऑफ लाइट, चैतन्य शक्ति आत्मा समझते हैं और फिर परमात्मा से कनेक्ट होने का अभ्यास करते हैं तो सहज ही हम परमात्मा से योग युक्त हो सकते हैं। परमात्मा आकर के हमें राजयोग सिखलाते है। परमात्मा को योगेश्वर भी कहते हैं। परमात्मा का पहली श्रेष्ठ शिक्षा है। इस देह के अभिमान को मन और बुद्धि से छोड़कर स्वयं को ज्योतिर्बिन्दु आत्मा समझो।

28 दिसंबर तक संगीतमय आयोजन

## पुरैना में श्रीराम कथा, पहले दिन निकली कलश यात्रा, आज से प्रसंगों का बखान



**भिलाई।** राधा रानी महिला समिति पुरैना एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। समिति के संरक्षक लक्ष्मण राव ने बताया कि पुरैना में तीन दिवसीय श्रीराम कथा की अमृत धारा प्रवाह होने जा रहा है, जिसमें कथावाचक को श्रीफल से भेंटकर सादर आमंत्रित किया गया। प्रसिद्ध कथा वाचक व वाल्मीकि ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित आचार्य हरीश के मुखारबिंद से सुनने का मौका मिलेगा। राम की कथा सुनकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास जरूर करें, मानव जीवन दोबारा मिलने वाला नहीं है। राव ने बताया कि विशेष सहयोगी समिति दीपमाला महिला समिति, सार्वजनिक नवयुवक गणेशोत्सव समिति, वैभव लक्ष्मी स्वसहायता समिति, आरती स्व सहायता समिति, नेहा स्व सहायता समिति, सहयोग देंगे। कलश यात्रा में समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण केएल कुमारी, इंद्राणी वर्मा, सरोज बाई निषाद, द्रोपदी यादव, पी. अरुद्र, पिंकी गुप्ता, रुक्मणि वर्मा, विमला विश्वकर्मा, चंद्रावती, झरना वर्मा, लता मानिकपुरी, कुशल चंद्राकर, बसंत मानिकपुरी, शनि निषाद, शंकर यादव, सोमनाथ यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन चुनाव

## छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकारिणी का विस्तार



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का चुनाव मुख्य अतिथि मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एवं टैक्स सलाहकार प्रेमचंद देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि हेमचंद विश्वविधालय के उपकुलपति डॉक्टर भूंपेन्द्र कुलदीप की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रांतीय कार्यकारिणी में प्रांताध्यक्ष मेधनाथ यादव, उपाध्यक्ष संतकुमार केशकर, महामंत्री लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, सचिव अशोक कुमार साहू को नियुक्ति पत्र सौंपकर नवनियुक्ति प्रांतीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये ब्रम्हदेव पटेल को प्रदेश संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष भोजराम डड़सेना, अनुरूप साहू, धनश्याम कुमार देवांगन, बेनीराम पटेल, आनंद राम सिन्हा, गैंदलाल वर्मा, प्रेम लाल सिन्हा प्रदेश प्रवक्ता, रमेश साहू प्रदेश सलाहकार, डॉक्टर डीपी देशमुख प्रदेश मीडिया प्रभारी, भानु प्रताप यादव प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी सहसचिव, डॉक्टर कृष्ण कुमार पाटिल प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ, सुमन देवांगन प्रदेश संयोजिका, कुमुंद ताम्रकार प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकाष्ठ, शुभ्रकांत ताम्रकार प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, डॉक्टर कल्याण सिंह साहू प्रदेश कार्यालय सचिव, भागवत सोनी प्रदेश संगठन सह सचिव को नियुक्ति पत्र सौंपकर शपथ ग्रहण दिलाई गई। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष शेखर साहू, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय रात्रे एवं उपाध्यक्ष अनिल खेलवार, अध्यक्ष, मेधदत्त साहू सहित सगठन के सक्रिय जुझारू साथीगण उपस्थित रहे।

**प्रांतीय कार्यकारिणी में नियुक्ति पत्र सौंपा**

## बद्रीप्रसाद पारकर की पुस्तक का विमोचन 29 दिसंबर को



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति और समाज पुस्तक का विमोचन 29 दिसंबर को भिलाई निवास के सभागार में होगा। अगासदिया एवं वैभव प्रकाशन के द्वारा आयोजित समारोह में शिक्षाविद एवं लेखक बद्रीप्रसाद पारकर द्वारा लिखित पुस्तक के विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. राजन यादव होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा करेंगे। साहित्यकार एवं वैभव प्रकाशन के सूत्रधार डॉ. सुधीर शर्मा विषय पर आधार वक्तव्य देंगे। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव एवं समाज सेवी लेखक तथा पूर्व एडीशनल कलेक्टर जी.आर.राना विशेष अतिथि होंगे। संस्कृति विशेषज्ञ लेखक डॉ. डीपी देशमुख एवं पत्रकार, लेखक डॉ. दीलनदयाल साहू वक्ता होंगे। इस अवसर पर रचनाकार सम्मान बद्रीप्रसाद पारकर को प्रदान किया जाएगा। बद्रीप्रसाद पारकर निरंतर लेखन करने वाले सक्रिय लेखक के रूप में आगे आए हैं। इस पुस्तक के पूर्व उनकी दो और पुस्तकें प्रकाशित चर्चित हुई हैं। वे शिवनाथ किनारे बसे गांव बेलौदी के किसान और पूर्व शिक्षाविद हैं। कार्यक्रम में प्रसिध्द कलाकार राजेन्द्र साहू छत्तीसगढ़ महतारी वंदना प्रस्तुत करेंगे। डॉ. रजनी नेल्शन कार्यक्रम संचालन करेंगी तथा केंवट समाज के समाजसेवी शहीद दुर्वाशालाल निषाद के पिता मुनीलाल निषाद आभार व्यक्त करेंगे।

गीता भवन सेक्टर-6 स्थित राधाकृष्ण मंदिर में तुलसी पूजन का आयोजन

कार्नर न्यूज

## तुलसी चौरा तैयार कर विधि-विधान से की पूजा-अर्चना फिर हुआ सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ

**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई के तत्वावधान में गीताभवन सेक्टर- 6 स्थित राधाकृष्ण मंदिर में तुलसी पूजन दिवस भक्ति भाव पूर्वक किया गया। सर्वप्रथम मंदिर परिसर में तुलसी चौरा स्थापित कर फूल मालाओं से सुसज्जित किया गया। जबलपुर से पधारे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता उत्कर्ष अग्रवाल एवं डॉ. निकिता अग्रवाल ने अपने खजांची परिवार का नेतृत्व करते हुए हर सनातनी के घरों में विराजने वाली हरिप्रिया, तुलसी माता का सुगंधित पदार्थों, धूप दीप एवं पुष्पों से विशेष पूजन पंडित सुनील कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया। विशेष अतिथि के रूप में अविनाश अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी, वरिष्ठ संस्थापक सदस्य जगदीश प्रसाद शर्मा, राजपाल सिंह राघव और उपाध्यक्ष भावना तोमर ने स्वागत किया। पंडित सुनील कुमार द्विवेदी के निर्देशन में उनकी मंडली ने एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया।



### हनुमान जी और तुलसी माता की महाआरती



दोपहर 12 बजे हनुमान जी और तुलसी माता की महाआरती उपस्थित भक्तों ने सामूहिक रूप से की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता जी ने आज के तुलसी पूजन कार्यक्रम द्वारा सनातन संस्कृति के जागरण हेतु युवा पीढ़ी एवं बच्चों को अपने आशीर्वचन से प्रोत्साहित किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विरेन्द्र कुमार शर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। संस्था महासचिव सूरज मंगला आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया।

### माता तुलसी की आराधना की, पौधे से होने वाले फायदों को भी बताया



**भिलाई।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशारामजी बापू के बालसंस्कार विभाग की टीम द्वारा दुर्ग जिला के पांच स्थानों में तुलसी पूजन दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। श्याम नगर कैंप 2 भिलाई में सुबह 11 बजे, दोपहर 2 बजे बेलौदी, शाम 4 बजे रिसाली, बोरसी दुर्ग, आदर्श ग्राम कातरो, ग्राम बेलौदी में इन जगह पर पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी वंदन से की गई। बच्चों के साथ बड़ों ने भी पूजन किया। तुलसी माता की तिलक लगाकर आरती उतारी गई, पुष्प चढ़ाई गई,फिर सात परिक्रमा भी की गई सभी आए हुए लोगों को तुलसी की महिमा बताई गई। बताया गया कि तुलसी स्वास्थ के लिए दवाई का काम करती है। रोज सुबह खाली पेट तुलसी के 7 पत्ते सेवन करे और पीने से अनगिनत पेट की रोग मिट जाते हैं। स्मरण शक्ति तेज होती है, जिससे शरीर स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। सर्दी खासी जुकाम में भी तुलसी के गजब के फायदे होते हैं। तुलसी से होकर आने वाली हवाएं घर के अंदर आने से वास्तु दोष मिट जाता है। निगेटिव ऊर्जा नहीं होती, अतः सभी को तुलसी के फायदे जरूर लेना चाहिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय हजारे वनडे ट्रॉफी में अमनदीप के शानदार 76 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 24 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच शुक्रवार को जयपुर में पंजाब सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 48.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 253 रनो का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने सर्वाधिक 76 रन बनाये, वहीं मयंक वर्मा ने 64 रन,शुभम अग्रवाल ने 36 रन तथा अनुज तिवारी ने 31 रनों का योगदान दिया। पंजाब की ओर से कृष भगत ने 3 विकेट, सुखदीप बाजवा तथा रघु शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। 254 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब ने 42.1 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 254 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। पंजाब की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज हरनूर सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये नाबाद 115 रन बनाये तथा पंजाब की जीत सुनिश्चित की। उनके अतिरिक्त अनमोलप्रीत सिंह ने नाबाद 105 रन बनाए। छत्तीसगढ टीम की ओर से मोहित राउत ने 1 विकेट प्राप्त किया। पंजाब ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता आज से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता 28 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पहले राउंड के मैच में दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध बिलासपुर ब्लू, राजहरा टीम में रायपुर विरुद्ध राजनंदगांव, धमतरी में टीम बीएसपी विरुद्ध बीसीए और न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध बिलासपुर के मैच होंगे।

### वेस्ट जोन प्रतियोगिता में छाये रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**भिलाई।** इंदौर में दिनांक 19 से 21 दिसंबर तक संपन्न वेस्ट ज़ोन राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पदक जीतने में सफलता हासिल की है। इनमें बालक वर्ग सब जूनियर में उत्सव सेन (रजत पदक, 83 किग्रा), जूनियर वर्ग : मनीष देवांगन (कास्य पदक, 59 किग्रा), सीनियर वर्ग : धनंजय यादव (स्वर्ण पदक, 59 किग्रा), ब्लेसन बास्को (कास्य पदक, 93 किग्रा), तुषार नेताम (स्वर्ण पदक, 105 किग्रा), अभिषेक जॉर्ज ( कास्य पदक, 120 किग्रा), बालिका वर्गः सब जूनियरः अन्नपूर्णा नायक (स्वर्ण पदक, +84 किग्रा), जूनियर वर्गः पायल घोड़े ( कांस्य पदक, 57 किग्रा), हिमांशी देशमुख (रजत पदक) एवं ईशा रात्रे (कास्य पदक, दोनों +84 किग्रा), सीनियर वर्गः वंदना मंडल (स्वर्ण पदक, 57 किग्रा), गुरप्रीत कौर भाटिया (कास्य पदक, 76 किग्रा), टीम के कोच/मैनेजर/निर्णायक के रूपः कृष्णा साहू (विक्रम, गुंडाधुर, हनुमान सिंह अवार्डी), संतोषी माझी (राजीव पांडेय, गुंडाधुर अवार्डी), पतंजलि झा, आसिफ अली खान, अशोक कुमार पिल्ले), प्रिंस पीयूष टंडन, रंजीत तांडी का योगदान महत्वपूर्ण रहा। प्रतियोगिता समापन के अवसर पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अर्जुन अवार्डी सजीवन भास्करन (पूर्व भारतीय रेलवे कोच) पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष विनोद साहू, पावरलिफ्टिंग इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं सीजीपीएलए के महासचिव कृष्णा साहू, आयोजन सचिव दिनेश पालीवाल, आयोजन अध्यक्ष गीता चौहान (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी एवं एडिशनल एसपी), पावरलिफ्टिंग इंडिया के अध्यक्ष सतीश कुमार कुदरौली तथा सेक्रेटरी जनरल पीजे जोसफ (अर्जुन अवार्डी) ने शुभकामनाएं दी है।

### सांसद खेल महोत्सव में खुटे का सम्मान



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण रायपुर में किया गया। इस दौरान शतरंज खेल में विशिष्ट योगदान के लिए शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी,निर्णायक,कोच हेमंत खुटे का सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक सुनील सोनी ने प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंटकर सम्मानित किया ।

# ब्लड प्रेशर से लेकर डायबिटीज रोगियों तक बढ़ती ठंडक पैदा कर सकती है गंभीर समस्याएं

दिसंबर-जनवरी का महीना कड़ाके की सर्दी और घने कुहरे वाला होता है, पर इस बार अब तक अपेक्षाकृत ठंड कुछ ज्यादा है। हालांकि पूर्वानुमानों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आ सकती है। सर्दियों का मौसम खान-पान और तमाम प्रकार के व्यंजनों के शौकीन लोगों के लिए काफी आनंददायक होता है, पर तापमान में गिरावट कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाली भी हो सकती है।

हृदय रोगों से लेकर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पाचन की समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य विकार वाले लोगों के लिए सर्दियों का मौसम काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लिहाजा ऐसे लोगों को सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

ठंड के महीनों में सर्दी, फ्लू और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां होना अधिक आम है। इसके अलावा इन दिनों में ब्लड प्रेशर की समस्या भी ज्यादा हो सकती है। आइए जानते हैं कि यह मौसम आपकी सेहत को किस प्रकार से प्रभावित करने वाला होता है? और बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?

## सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्या



तापमान में गिरावट के साथ सर्दी-जुकाम की समस्या होना काफी सामान्य है। ये अलग-अलग वायरस के कारण हो सकती है, राइनोवायरस सर्दी का सबसे आम कारण है। सर्दी के मौसम में सूर्य की रोशनी से मिलने वाले विटामिन डी का अवशोषण भी कम हो जाता है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। ये आपको इन बीमारियों के प्रति और भी संवेदनशील बना देती है। इन समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचने के लिए पर्याप्त उपाय करें।

## बढ़ सकता है ब्लड प्रेशर



सर्दी के दिनों में रक्तचाप बढ़ने की समस्या भी अधिक देखी जाती रही है, आमतौर पर सर्दियों में ब्लड प्रेशर अधिक और गर्मियों में लो होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम तापमान के कारण रक्त वाहिकाएं अस्थायी रूप से संकीर्ण हो जाती हैं, इससे रक्तचाप बढ़ जाता है। संकुचित नसों और धमनियों के माध्यम से रक्त को प्रवाहित करने के लिए अधिक दबाव की आवश्यकता होती है, इसका हृदय की सेहत पर भी असर पड़ सकता है।यही कारण है कि इस मौसम में हार्ट अटैक के मामले भी अधिक रिपोर्ट किए जाते हैं।

## डायबिटीज रोगियों की बढ़ सकती हैं समस्या

सर्दियों का मौसम सिर्फ ब्लड प्रेशर ही नहीं, मधुमेह की समस्या वाले लोगों के लिए भी काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। डायबिटीज से पीड़ित कई लोगों में जैसे-जैसे तापमान गिरता है, रक्त शर्करा बढ़ जाती है। ठंडा तापमान आपके शरीर में तनाव बढ़ाता है जिसके प्रतिक्रिया में, आपका शरीर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन जारी करता है। ये हार्मोन इंसुलिन उत्पादन को कम करते हैं परिणामस्वरूप, आपके रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है। ब्लड शुगर बढ़ने की स्थिति किडनी, लिवर, हार्ट जैसे अंगों के लिए भी समस्याकारक हो सकती है। इसे कंट्रोल में रखने के लिए शरीर को ठंड से बचाएं और दवाओं के साथ समय-समय पर डॉक्टरी सलाह लेते रहें।



## अस्थमा और सांस की बीमारियां

अस्थमा या सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए सर्दी का मौसम साल का सबसे कठिन समय हो सकता है। ठंडी, शुष्क हवा और मौसम में अचानक बदलाव से आपके वायुमार्ग में जलन की समस्या बढ़ने लगती है, जिससे अधिक बलगम पैदा होने लगता है। ये सांस की जटिलताओं को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है, जिसके कारण अस्थमा के ट्रिगर होने या अटैक का खतरा बढ़ जाता है। सर्दी के दिनों में निमोनिया जैसी सांस की बीमारियों के मामले भी अधिक रिपोर्ट किए जाते रहे हैं।



# धन से जुड़ी परेशानी हो या फिर जमीन विवाद, फौरन दूर करते हैं ये वास्तु यंत्र

श्रीयंत्र को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है। ऐश्वर्य और धनलक्ष्मी की वृद्धि के लिए वास्तु में इस यंत्र का प्रयोग किया जाता है।

## वास्तुशास्त्र में दिशाओं का महत्व

वास्तुशास्त्र के अनुसार घर हो या फिर व्यावसायिक प्रतिष्ठान, कहीं भी वास्तु दोष होने से वहां रहने वाले लोगों का जीवन किसी न किसी तरह से प्रभावित अवश्य होता है और तरह-तरह की कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वास्तु में इन दोषों को दूर करने के लिए कुछ विशेष प्रकार के यंत्र हैं। जिनको अपनाकर आप अपने जीवन में परेशानियों को दूर कर सुख-समृद्धि बटोर सकते हैं।

## वास्तुदोष दूर करने के लिए

दिक्दोषनाशक यंत्र वास्तुदोष निवारण का महत्वपूर्ण यंत्र है जिसमें सभी दिशाओं और दिक्पालों का पूजन किया जाता है। यदि घर में टॉयलेट,रसोई या बाथरूम कोई गलत दिशा में बन गया हो तो यह यंत्र स्थापित करने से वह दोष मिट जाता है। इसी प्रकार वरुण यंत्र बड़ा ही प्रभावी वास्तु यंत्र है जो जल संबंधी समस्त दोषों को दूर करता है। यदि जलस्थान, नलकूप, पानी की टंकी अग्नि कोण या गलत दिशा में बन गए हैं तो इस वरुण यंत्र को उस पर स्थापित करके पूजन करने पर



जल संबंधी सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। सर्वमंगल वास्तु यंत्र वास्तु संबंधी सभी प्रकार के दोष-निवारण करने के साथ-साथ सब प्रकार की मंगल कामना हेतु अचूक वरदायक है।

## जमीन विवाद के लिए

मारुति यंत्र हनुमानजी का यंत्र है। इस यंत्र के बहुत से उपयोग हैं, परन्तु इनमें से एक उपयोग वास्तु के संबंध में बहुत प्रचलित है। जिनकी जमीन नहीं बिक रही हो या जिस जमीन में विवाद खड़ा हो गया हो। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भूखंड मालिक को मंगलवार के दिन दोपहर 12 बजे इस यंत्र को ले जाकर सम्बंधित भूमि में पूर्व या ईशान दिशा में सवा हाथ गड्ढा खोदकर गाड़ दें और ऊपर से दूध या गंगाजल की धारा चढ़ानी चाहिए। वास्तु के अनुसार भूमि का विवाद तीन महीने के अंदर सुलझ जाएगा। मारुति यंत्र वाहन सुरक्षा के लिए भी लाभकारी है।

## धन प्राप्ति के लिए

श्रीयंत्र को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है। ऐश्वर्य और धनलक्ष्मी की वृद्धि के लिए वास्तु में इस यंत्र का प्रयोग किया जाता है। यदि दुकान में मन नहीं लगता हो, व्यापार में बरकत न हो,रुपया पैसा आता तो हो पर बचत नहीं हो पा रही है तो इसे घर या दुकान की उत्तर दिशा में लगाना बहुत लाभकारी है।

## द्वारदोष दूर करने के लिए

यह एक विशिष्ट प्रकार का तोरण है,जो द्वार संबंधी दोषों का हरण करता है और घर को बाहरी विपदाओं से बचाता है।

शत्रु बाधा को दूर करने के लिए

वास्तु के अनुसार यदि किसी शत्रु ने आपके घर या दुकान को बांध रखा है या आप पर कोई अभिचार कर्म किया है तो यह यंत्र उस अभिचार कर्म को नाश करके वापस लौटा देता है।





# टेनिस में पाखी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ छत्तीसगढ़ ने जीता गोल्ड

**रायपुर।** आल इंडिया सिविल सर्विसेज टेनिस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को 2-1 से हरा कर गोल्ड पर कब्ज़ा किया। सिविल सर्विसेज में महिला टीम टूर्नामेंट को पहली बार शामिल किया गया था. इस प्रकार छत्तीसगढ़ को पहला विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। पाखी ने अपने सिंगल्स मैच में राजस्थान की सुमन को 9-0 से हराया। जब छत्तीसगढ़ की साथी खिलाडी मुक्ता मेश्राम अपना मैच राजस्थान की निकिता से 9-3 से हार गयी तब पाखी ने डबल्स मैच में जबरदस्त प्रदर्शन के जरिये टीम को 9-3 से न केवल मैच जिताया बल्कि छत्तीसगढ़ को गोल्ड मैडल दिलाया। इसके पहले पाखी ने अपने सभी मैच जीतते हुए टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचने में अहम् योगदान दिया। ज्ञात रहे कि पाखी भट्ट इससे पहले आल इंडिया फॉरेस्ट मीट में भी दो साल से प्रतिवर्ष 3-3 गोल्ड मैडल जीत चुकी हैं एवं छत्तीसगढ़ मैं उनकी गिनती सर्वश्रेष्ठ महिला खिलड़ियों में होती है। प्रदेश के वन अधिकारी शालिनी रैना, अलोक तिवारी एवं संगीता राजगोपालन ने पाखी को सफलता की बधाई दी। यह सफलता न केवल छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है बल्कि आने वाली महिला खिलाडियों की पीढ़ी को भी प्रोत्साहित करेगी।

# हाथों की ये रेखाएं बताती हैं वैवाहिक जीवन के बारे में

हाथों की रेखाएं व्यक्ति का नसीब बताती है। हर व्यक्ति की रेखाएं अलग-अलग होती हैं। सबका भाग्य एक जैसा नहीं होता है। किसी को जीवन में कुछ पाने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ता है लेकिन कुछ लोग आसानी से विलासिता भरा जीवन जीते हैं। यही नहीं कई बार दिन रात मेहनत करने के बाद भी मनचाहे परिणाम नहीं मिलते। वहीं कुछ लोग आसानी से सफलता की सीढ़ी चढ़ जाते है। इसे हाथों की रेखाओं का खेल भी कहा जा सकता है। दरअसल, व्यक्ति के हाथों की लकीर उसके भाग्य के बारे में बताती है। इसलिए हाथों की रेखाओं को हर किसी से नहीं पढ़वाना चाहिए। माना जाता है कि इससे भाग्य रेखा प्रभावित होती हैं। वहीं हाथों की रेखा से व्यक्ति के वैवाहिक जीवन के बारे में भी पता चलता है। सभी के हाथों में कुछ रेखा या ऐसे निशान होते हैं जो वैवाहिक जीवन में खुशी या निराशा के बारे में बताती है। आइए जानते हैं कि हाथों की कौन सी रेखाएं वैवाहिक जीवन में खुशी और परेशानियों का संकेत देती हैं।

## सुखी वैवाहिक जीवन का संकेत देती है ये रेखाएं

हाथों में विवाह रेखा का लंबी होना और उसका सूर्य पर्वत तक जाना बेहद ही शुभ माना जाता है। ये एक संपन्न जीवनसाथी के होने का इशारा करती है। यदि आपके बुध पर्वत से आई हुई कोई रेखा विवाह रेखा को काटती है तो इससे वैवाहिक जीवन परेशानियों से भरा होता है।

अगर पुरुष के बाएं हाथ में दो विवाह रेखा होती है और दाएं हाथ में एक विवाह रेखा हो तो ये श्रेष्ठ जीवनसाथी के मिलने का संकेत होता है। ऐसे लोगों की जीवनसाथी अधिक प्रेम करने वाली होती है। अगर किसी के हाथ में विवाह रेखा के अंत में त्रिशूल जैसा कोई चिह्न बन रहा होता है तो ऐसे लोगों का जीवनसाथी अधिक प्रेम करने वाला होता है।



## ये रेखाएं वैवाहिक जीवन में होने वाली परेशानियों का देती है संकेत

माना जाता है कि अगर किसी व्यक्ति के द्वीप का चिह्न अंत में हो तो यह जीवनसाथी के स्वास्थ्य के लिए बुरा संकेत हो सकता है। कहते हैं कि अगर किसी इंसान की विवाह रेखा हृदय रेखा के नीचे बनती है तो ऐसे व्यक्ति के विवाह के योग बहुत कम होते हैं। अगर किसी व्यक्ति के बुध पर्वत से आई हुई कोई रेखा विवाह रेखा को काटती है तो इससे वैवाहिक जीवन परेशानियों से भरा होता है। हाथों में विवाह रेखा का टूटा होना बेहद अशुभ होता है। इससे वैवाहिक जीवन में काफी परेशानी बनी रहती है। हाथ में आड़ी-तिरछी रेखाएं होती हैं और जो दूसरी रेखाओं को काटती हैं इन्हें अशुभ माना जाता है।

कार्नर न्यूज

## इस मौसम में शरीर के लिए वर्जिश है बेहद लाभकारी

# सर्दियों में बुजुर्गों को करना चाहिए इन योगासनों का अभ्यास, रहेंगे स्वस्थ

सर्दियों में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ठंड बढ़ने के साथ खांसी, सर्दी और जुकाम व बुखार होना सामान्य समस्या है। ठंड के मौसम में सबसे अधिक समस्या बच्चों और बुजुर्गों को हो सकती है। इस मौसम में शारीरिक सक्रियता कम होने और व्यायाम या टहलने के लिए लोग घर से बाहर निकलने से बचते हैं, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। ऐसे में अगर आप ठंड व कोहरे के कारण टहलने नहीं जा पा रहे हैं और सर्दियों के रोगों से बचना चाहते हैं तो घर पर ही योगासन कर सकते हैं। सर्दी के मौसम में बुजुर्गों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण वृद्धजनों को जल्द ही खांसी व जुकाम होने की संभावना रहती है। ऐसे में यहां आपको सर्दियों के लिए असरदार योगासन बताए जा रहे हैं, जिसके अभ्यास से बुजुर्ग रोग से दूर रह सकते हैं।



**बालासनः** बुजुर्गों को कमजोरी और थकान की शिकायत रहती है, इस योगासन के नियमित अभ्यास से कमजोरी दूर होती है। बालासन के अभ्यास से तनाव कम होता है, साथ ही ऊर्जा मिलती है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर घुटनों के बल बैठ जाएं। अब दोनों टखने और एड़ियों को आपस में एक दूसरे से टच करें। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर लाएं और आगे की ओर झुकें। फिर पेट को दोनों जांघों के बीच लाते हुए सांस छोड़ें। इस अवस्था में कुछ देर रूके। बाद में घुटनों को सीध में कर लें और वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।

**ताड़ासनः** ताड़ासन के जरिए पूरा शरीर स्ट्रेच होता है। इस योग को करने के लिए सीधे खड़े होकर पैरों के बीच कुछ दूरी रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और स्ट्रेच करके एड़ी उठाते हुए पैर की उंगलियों पर खड़े हो जाएं। इस अवस्था में शरीर के हर अंग में खिंचाव को महसूस करेंगे। अब कुछ देर इसी अवस्था में रूकने के बाद सामान्य स्थिति में लौट आएं। इस आसन को 10 से 15 बार दोहराएं।

**वृक्षासन** :वृक्षासन योग कई प्रकार से लाभकारी है। शरीर में रक्त के संचार को ठीक बनाए रखने से लेकर चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं को दूर करने कूल्हों-पैरों की हड्डियों-मांसपेशियों को मजबूती देने और आत्मविश्वास बढ़ाने में इस योग के लाभ हैं। वृक्षासन को करने के लिए सीधे खड़े होकर बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए दाएं पैर को मोड़कर तलवे को बाएं पैर की जांघ पर रखें। इस स्थिति में संतुलन बनाएं और हाथों को जोड़ते हुए सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की मुद्रा ले लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें, बाद में दूसरे पैर से भी प्रक्रिया को दोहराएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्ट्रेंजर थिंग्स' भारत में रिलीज, फाइनल एपिसोड के लिए फैंस हुए बेकरार



नेटफ्लिक्स के सबसे लोकप्रिय साइंस-फिक्शन शोज में से एक 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब यह शो अपने आखिरी एपिसोड की ओर पहुंच रहा है, यही कारण है कि लोगों का उत्साह भी चरम पर है। फैंस 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सीजन 5 वॉल्यूम 2 को लेकर उत्साहित हैं। आइए जानते हैं कि भारत में सीजन 5 वॉल्यूम 2 को लेकर क्या है अपडेट और फाइनल एपिसोड आया या नहीं 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के अंतिम सीजन के दूसरे भाग के लिए फैंस का उत्साह खत्म हो गया है। क्योंकि भारत में सीजन 5 का वॉल्यूम 2 शुक्रवार सुबह 6:30 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गया है। यह इस सीजन का सेकेंड पार्ट है, जिसमें तीन एपिसोड हैं। हालांकि, अभी भी फाइनल एपिसोड नहीं आया है। वॉल्यूम 2 के तीन नए एपिसोड के आने के बाद अब इस सीजन के सात एपिसोड हो चुके हैं। लेकिन फाइनल एपिसोड का दर्शकों को अभी भी इंतजार हैं। फाइनल एपिसोड न्यू ईयर के मौके पर 1 जनवरी से स्ट्रीम करेगा, जिसमें कहानी का अंत पता चलेगा। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 वॉल्यूम 2 के लिए इंतजार इसलिए भी है क्योंकि हॉकिन्स शहर की कहानी जारी है। इन नए एपिसोड में जबरदस्त एक्शन, चौंकाने वाले ट्विस्ट और पसंदीदा किरदारों की वापसी देखने को मिल रही है। साथ ही इन तीन नए एपिसोड के बाद अब फाइनल एपिसोड के लिए फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। सीरीज अपने शानदार एंडिंग की ओर बढ़ रही है और दर्शक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि कहानी और लंबे समय से चले आ रहे रहस्य कैसे सुलझेंगे।

### टॉलीवुड


## 'जन नायकन' में बेटी पर जान लुटाते नजर आए अभिनेता विजय



साउथ सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' का गाना 'चेला मागले' रिलीज हो चुका है। गाने में पिता और बेटी के बीच के खूबसूरत रिश्ते को बयां किया गया है। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय ने पिछले तीन दशकों में लाखों दिलों को छुआ है और अब वो पूरी तरह से अपनी राजनीतिक यात्रा की ओर अग्रसर हैं। लेकिन उससे पहले, उनकी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' का नया गाना रिलीज करके उन्होंने फैंस को तोहफा दिया है। विजय की फिल्म का गाना 'चेला मागले' पिता और बेटी के बीच प्यारे से रिश्ते को बयां कर रहा है। बता दें फिलहाल थलपति विजय फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट के लिए मलेशिया पहुंच चुके है, जहां शानदार तरीके से उनका स्वागत हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि जब मलेशियन डांसर पारंपरिक नृत्य पेश कर रहे थे, तब विजय खुद उनके बीच खड़े होकर ब्लूटूथ स्पीकर थामे नजर आए। आमतौर पर जहां बड़े सितारे सुरक्षा घेरा बनाकर चलते हैं, वहीं विजय का यह अंदाज उनके फैंस को भावुक कर गया। उन्होंने डांसर्स को हाथ हिलाकर अभिवादन किया और मुस्कुराते हुए धन्यवाद भी कहा। विजय के साथ मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर भी मलेशिया पहुंचे। दोनों को सुरक्षा अधिकारियों और आयोजकों के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकलते देखा गया। इसके अलावा फिल्म के निर्देशक एच विनोथ, अभिनेत्री ममिता बैजू और निर्माता भी मलेशिया पहुंच चुके हैं। सोशल मीडिया पर इन सभी के पहुंचने के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।'जन नायकन' थलपति विजय की बतौर अभिनेता आखिरी फिल्म मानी जा रही है। इसके बाद वह पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे।

### भोजपुरी

## ज्योति ने पवन के गाने पर शेयर किया वीडियो यूजर बोले- 'भैया के गाने का सही इस्तेमाल



भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह का अपनी पत्नी ज्योति सिंह के साथ रिश्ता तनावपूर्ण दौर से गुजर रहा है। दोनों का तलाक केस कोर्ट में है। इस बीच ज्योति ने अभिनेता के चर्चित गाने पर वीडियो शेयर किया है। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह का करियर शानदार पड़ाव पर है। एक तरफ उनके नए-नए गाने रिलीज हो रहे हैं। वहीं, इन दिनों उन्हें रियलिटी शो में भी खूब देखा जा रहा है। मगर, अभिनेता की पर्सनल लाइफ तनाव के दौर से गुजर रही है। पत्नी ज्योति सिंह के साथ उनका तलाक का केस कोर्ट में है। मगर, ज्योति ने हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें पवन सिंह का गाना जोड़ा है। ज्योति सिंह का पति पवन सिंह से बेशक शादीशुदा जीवन उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है। दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। मगर, वे अभिनेता के गानों पर अक्सर वीडियो शेयर करती हैं। आज रविवार को उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें फोन चलाती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने पवन सिंह का 'छोटकी ननदी रे' सॉन्ग शेयर किया है। इस वीडियो के साथ ज्योति ने कैप्शन में शरमाने वाला इमोजी, फेस किस इमोजी और इविल आई यानी बुरी नजर से बचाने वाला इमोजी शेयर किया है। ज्योति सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के मजेदार कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'पवन भैया के गानों का सही इस्तेमाल आप ही करती हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आजकल आप सिर्फ भैया के गानों पर रील डाल रही हो भाभी।


### यामामोटो की याद



लाइफ स्टाइल

मशहूर जापानी फैशन डिज़ाइनर कंसाई यामामोटो भले ही अब हमारे बीच नहीं है, लेकिन वह एक ऐसी परंपरा छोड़ गए जो जापानी फैशन डिजाइन के क्षेत्र में अलग पहचान रखती है। डेविड बॉवी के कई जेंडर-फ्लूइड कॉस्ट्यूम और ड्रेस के पीछे जीनियस यामामोटो ही थे, जो म्यूटेड ड्रेस पसंद करने वालों के लिए जुनून की हद तक प्रशंसनीय है।

## स्किन लाइटनिंग में मदद करता है कोको बटर, ऐसे करें इस्तेमाल



हम सभी अपनी स्किन को लाइटन व ब्राइटन करना चाहती हैं और इसके लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो कोको बटर की मदद से भी स्किन को लाइटन कर सकती हैं। आप कोकोआ बटर और कोकोनट ऑयल की मदद से एक बेहद ही मॉइश्चराइजिंग स्किन लाइटनिंग क्रीम बनाई जा सकती है। सबसे पहले डबल बॉयलर की मदद से कोकोआ बटर पिघलाएं। जब यह पिघल जाए तो इसमें नारियल का तेल और मीठा बादाम का तेल डालकर मिक्स करें।

अब मिश्रण को थोड़ा ठंडा होने दें, लेकिन पूरी तरह जमने नहीं दें। अब आप हैंड मिक्सर या ब्लेंडर का उपयोग करके तब तक ब्लेंड करें जब तक आपको एक क्रीमी टेक्सचर ना मिल जाए। अब आप इसमें एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें। अंत में, क्रीम को एक साफ, एयरटाइट कंटेनर में डालकर स्टोर करें।

कोकोआ बटर के साथ बादाम का तेल और दही का कॉम्बिनेशन स्किन को लाइटन करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले कोकोआ बटर को डबल बॉयलर (बिगनर्स के लिए स्किन केयर टिप्स) या माइक्रोवेव में पिघलाएं। अब इसमें बादाम का तेल और दही डालकर मिलाएं।

आप इसे तब तक हिलाएं, जब तक कि यह अच्छी तरह से मिक्स न हो जाए। अब मिश्रण को ठंडा होने और जमने दें। अपनी स्किन को क्लीन करके क्रीम लगाएं। इसे करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी से धो लें।

## न्यू ईयर पार्टी में पहननी है लाल रंग की साड़ी तो देखें क्या है ट्रेंड में





बहुत से लोग तो अपने घरों में पार्टी होस्ट करते हैं, तो वहीं बहुत से लोग क्लब या ऑफिस में पार्टी करते हैं। वैसे तो पार्टी के लिए लाल रंग ही सबसे बेस्ट रहता है लेकिन फिर भी बहुत सी महिलाओं और लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो न्यू ईयर पार्टी के दिन क्या पहनें। पार्टी के दिन ड्रेस और गाउन तो हर कोई पहनता है लेकिन अगर आप न्यू ईयर पर साड़ी पहनने का सोच रही हैं सबसे पहले इसके ट्रेंड के बारे में जान लें। आपको आज इस बारे में बताएंगे कि आजकल किस तरह की साड़ियां चलन में हैं, जिसे पहनकर आप अपना जलवा दिखा सकती हैं।

### जॉर्जट साड़ी



हैवी बॉर्डर वाली ऐसी जॉर्जट फैब्रिक की साड़ी आपके लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेगी। इसके साथ बैकलेस ब्लाउज ही पहनें। इसके अलावा अगर आप इसके साथ बालों को कर्ल करेंगी तो आपका लुक कमाल का लगेगा।

### इंडो वेस्टर्न साड़ी

अगर आप क्रिसमस पार्टी में साड़ी पहनकर धमाल मचाना चाहती हैं तो मलाइका अरोड़ा के जैसी इंडो वेस्टर्न साड़ी बेहद खूबसूरत है। ये आपको काफी ग्लैमरस लुक देगी। इसके साथ आपको मेकअप और हेयर स्टाइल का खास ध्यान रखना पड़ेगा।


### कॉटन की साड़ी

वैसे तो कॉटन की साड़ी हमेशा गर्मियों में कैरी की जाती है, लेकिन आप इसे सर्दियों में भी कैरी कर सकती हैं। ऐसी साड़ी पहनने में काफी आरायदामक होती है। आप चाहें तो इसके साथ ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। ये आपको क्लासी लुक देगा।

### मिरर वर्क साड़ी

प्रियंका चोपड़ा का ये साड़ी लुक क्रिसमस पार्टी में आपको लुक देगा। पूरी प्लेन लाल रंग की साड़ी पर अगर इस तरह से सिर्फ बॉर्डर पर मिरर वर्क होगा, तो ये देखने में कमाल का लगेगा।

## शादी सीजन में काम आएंगे ये जरूरी हैक्स, कपड़ों से लेकर ज्वेलरी सेट करने की नहीं होगी चिंता



शादी के सीजन में आपने भी अपने तैयारियां कर ली होंगी। मगर आखिरी समय में चीजें इधर-उधर हो ही जाती हैं। ऐसे में वेडिंग के कुछ हैक्स आपके बहुत काम आने वाले हैं। अगर आप एक दुल्हन हैं या दुल्हन की सहेली, तो ऐसे में ये हैक्स आपकी बहुत मदद करेंगे।

### दुपट्टे को सिर में ऐसे टिकाएं

क्या आपके सिर से दुपट्टा बार-बार गिरा जा रहा है? क्या आपका सारा ध्यान इसपर है कि दुपट्टा सिर पर नहीं टिक पा रहा है? अरे अब चिंता मत कीजिए और इस हैक को तुरंत आजमा लीजिए। अपने दुपट्टे के किनारे में टिप-टॉप क्लिप्स को अंदर की ओर फंसा लें। इसके बाद तैयार होने के बाद, जहां से भी आपको दुपट्टा पहनने है, वहां पर क्लिप्स खोलकर दुपट्टा सेट करें और बालों पर क्लिप्स को बंद कर लें। इसके बाद देखिए आपका दुपट्टा बिल्कुल नहीं सरकेगा और आपका ध्यान भी नहीं भटकेगा।

### टाइट पजामे का ऐसे करें जुगाड़

अब ऐसा होता है कि आपने जो साइज सिलने के लिए टेलर को दिया हो, उससे ऊपर-नीचे साइज सिलकर आ जाता है। कई बार आपका वजन बढ़ जाता है, तो कई बार वजन घट जाता है। वजन घट जाए, तो उसका इलाज है, लेकिन वजन बढ़ने की स्थिति में क्या करेंगी। ऐसे में हमारा यह हैक आपके काम आएगा। अगर आपकी पैंट्स बहुत ज्यादा टाइट हो गई हैं, तो फिर पैंट के हुक में दो सेफ्टी पिन्स टक कर लें। सेफ्टी पिन्स में दो छोटे और पतले रिबन फंसाकर उन्हें आपस में बांध लें। इससे आपके फंक्शन के लिए आप आराम से तैयार होकर बैठ सकती हैं।

### फिसलती सैंडल को ऐसे करें ठीक

बड़ी मुश्किल से कोई सैंडल या हील हमें पसंद आई है। उसे पहनकर हम अपनी शादी में या दोस्त की शादी में शो ऑफ करना चाहें।

## अपनी पुरानी टाइट जींस पहनना चाहते हैं दोबारा, आजमाएं ट्रिक्स

अधिकतर लड़कियों की वार्डरोब में जींस जरूर शामिल होती है। जींस में लड़कियों का लुक अच्छा लगता है। शर्ट, टॉप और कुर्ते आदि के साथ लड़कियां अपनी जींस को टीमअप कर सकती हैं। कुछ जींस ऐसी होती हैं, जो काफी पुरानी होने के बाद भी आपकी फेवरेट होती हैं। जिसे आप हमेशा अपने वार्डरोब का हिस्सा बनाकर रखना चाहते हैं हालांकि आपकी फेवरेट जींस पुरानी हो जाती है, वह आपको टाइट, लूज होने लगती हैं या फिर जींस का रंग उतरने लगता है। ऐसे में आप उसे चाह कर भी पहन नहीं पाते।

क्योंकि आपकी वहीं पसंदीदा जींस अब पहनने पर अच्छी नहीं लगेगी। ऐसे में या तो आप अपनी पुरानी जींस को वार्डरोब से निकाल देते हैं या फिर आप टाइट हो गई जींस को पहनने के लिए अपने पहले वाले फिगर में वापस आने की कोशिश करते हैं। लेकिन फिगर मेंटेन रखना और स्लिम होना आसान नहीं होता। अगर आपकी वार्डरोब में ऐसी जींस हैं, जिन्हें आप दोबारा पहनना चाहते हैं तो कुछ ट्रिक्स को आजमा सकती हैं। चलिए जानते हैं पुरानी जींस को वापस कैरी करने के लिए क्या हैं टिप्स और ट्रिक्स।

### टाइट जींस को पहनने के ट्रिक्स



अगर आपकी कोई जींस थोड़ी सी टाइट हैं तो उसे स्ट्रेच करके पहनने योग्य बनाया जा सकता है। टाइट जींस को ठीक करने के लिए पानी को गर्म करके एक स्प्रे बोतल में भर लीजिए। अपनी जींस को हैंगर पर टांगकर उसकी कमर और थाई के आसपास स्प्रे से पानी को छिड़कें। फिर जींस को हैंगर पर स्ट्रेच करते हुए टांगे। जींस के जिस हिस्से को स्ट्रेच किया है उसे लगभग एक दिन के लिए ऐसे ही हैंगर में टंगे रहने दें। अगले दिन उसे पहन कर देखें। आपकी जींस ढीली हो जाएगी।

कार्नर न्यूज

### जश्न के माहौल में अपनाइए स्टाइल

## पार्टी में दिखाना है स्टाइल तो न्यू लुक्स से लें आइडिया, महफिल की रौनक कहलाएंगे आप

इन दिनों सीजन शादियों और पार्टियों का है। लोग साल को विदा करने छुट्टियां बिताने बाहर भी जा रहे हैं वहीं कुछ ही दिनों में साल 2026 का आगाज होने वाला है। ऐसे में माहौल जश्न का हैं। लोगों ने साल के इस आखिरी हफ्ते के लिए कई तैयारियां भी कर ली हैं। विदेशों के साथ अपने देश में कई जगहों पर धूमधाम से पार्टियां चल रही है। शादियां अटेंड करने के अलावा लोग ईयर एंड की पार्टी में भी जा रहे हैं। बहुत से लोग घरों पर पार्टी करते हैं, वहीं बहुत से लोग क्लब या दूसरे शहरों में जाते हैं पार्टी के लिए। अगर आपका भी पार्टी में जाने का प्लान है और आप इस संशय में हैं कि पार्टी में क्या पहनें तो हम आपको एक्टर धीरज धूपर के कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप ऐसी पार्टियों में कैरी कर सकते हैं।

### जैकेट को दें प्राथमिकता

सर्दियों की इन पार्टियों में आप अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए जैकेट का इस्तेमाल जरूर करें। इस तरह की जैकेट काफी कूल दिखती है।



### जींस और शर्ट

कूल दिखने के लिए आप लाइट ब्लू रंग की डेनिम जींस के साथ लाइट ग्रीन रंग की शर्ट कैरी कर सकते हैं। इस रंग की शर्ट देखने में काफी क्लासी दिखती है।

### बीच पार्टी के लिए लुक

ज्यादातर लोग सर्दियों के मौसम में नए साल पर गोवा या किसी और बीच पर जाते हैं। अगर आपका भी ऐसा कुछ प्लान है तो आप इसी तरह से शॉर्ट्स और शर्ट कैरी कर सकते हैं।

### व्हाइट लुक के साथ येलो जैकेट

अगर आप कुछ अलग क्रिएट करना चाहते हैं तो ऑल व्हाइट लुक के साथ इस तरह की पीले रंग की जैकेट पहन सकते हैं। ये आपको सर्दी से भी बचाने में मदद करेगी।

### ऑल ब्लैक लुक

इस तरह का ऑल ब्लैक लुक ज्यादातर लड़कों को पसंद आता है। ऐसे में आप भी इसी तरह का ऑल ब्लैक लुक कैरी करके अपना स्टाइल दिखा सकते हैं।

### फॉर्मल पैंट के साथ पहनें लेदर जैकेट

अगर आप कुछ अलग सा पहनने का सोच रहे हैं तो ब्लैक पैंट के साथ आप ग्रे रंग की लेदर जैकेट कैरी कर सकती हैं। ये आपको कंफर्टेबल रखेगी। इस जैकेट के साथ आप ग्रे रंग की ही टीशर्ट कैरी कर सकते हैं। आप चाहें तो डांस के वक्त जैकेट उतार सकते हैं।

